
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



ठग का तोता......   अप्रैल फूल बनाया .........

वर्ष : 12 | अंक : 94 | लखनऊ, 28 मार्च, शनिवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## आर्थिक नीतियों का लक्ष्य जीवन बेहतर बनाना हो : राष्ट्रपति

**अमन लेखनी समाचार / राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख**



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि हर आंकड़े के पीछे एक मानवीय कहानी होती है और आर्थिक नीतियों की वास्तविक कसौटी केवल आंकड़े नहीं, बल्कि उनके परिणाम होते हैं। राष्ट्रपति भवन में उनसे मिलने आए भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस) के अधिकारियों के एक समूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सार्वजनिक सेवा में आर्थिक योजना एवं उसके क्रियान्वयन की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

मुर्मू ने कहा कि टिकाऊवृद्धि सुनिश्चित करने, महंगाई का प्रबंधन करने, रोजगार के अवसर बढ़ाने, असमानताओं को कम करने और जटिल आर्थिक माहौल में अर्थव्यवस्था का मार्गदर्शन करने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा, साथ ही आपको हमेशा याद रखना चाहिए कि हर आंकड़े के पीछे एक मानवीय कहानी होती है। आर्थिक नीति की वास्तविक कसौटी केवल आंकड़ों में नहीं, बल्कि उसके परिणामों में होती है। इसे खासकर सबसे कमजोर वर्गों के लोगों के जीवन में सुधार लाना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि अधिकारियों के कार्यों का मार्गदर्शन सहानुभूति की गहरी भावना और समावेशी तथा न्यायसंगत विकास के प्रति प्रतिबद्धता से होना चाहिए। मुर्मू ने आईईएस अधिकारियों से ईमानदारी एवं पेशेवर मानकों को बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक सेवा में विश्वास आपकी सबसे मूल्यवान पूंजी है और इसे आपके निर्णयों तथा कार्यों के माध्यम से अर्जित एवं बनाए रखा जाना चाहिए। राष्ट्रपति ने उनसे मिलने आये केंद्रीय विद्युत अभियांत्रिकी सेवा (सीपीईएस) के अधिकारियों के एक समूह को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत का दृष्टिकोण ऊर्जा क्षेत्र की मजबूती और विश्वसनीयता से गहराई से जुड़ा है। उन्होंने कहा, बिजली केवल ऊर्जा का स्रोत नहीं है। यह औद्योगिक विकास, नवाचार, बेहतर जीवन स्तर और देश की समग्र सामाजिक-आर्थिक प्रगति की प्रेरक शक्ति है। भारत की अंतरराष्ट्रीय जलवायु प्रतिबद्धताओं का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि बिजली ग्रिड में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की हिस्सेदारी बढ़ाना इन लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा का अधिक एकीकरण जीवाश्म ईंधनों (कोयला आदि) पर निर्भरता कम करेगा और अधिक स्वच्छ तथा पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बिजली क्षेत्र के निर्माण में मदद करेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा आधारित व्यवस्था की ओर बदलाव प्रौद्योगिकी एवं परिचालन संबंधी चुनौतियां हैं, जिन्हें नवोन्मेषी सोच, प्रौद्योगिकी प्रगति और प्रभावी योजना के माध्यम से दूर किया जा सकता है।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 मार्च को बिहार में राजगीर के दौरे पर आएंगी, जहां वह नालंदा विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने शुक्रवार को इसकी आधिकारिक जानकारी दी। यह अवसर नालंदा विश्वविद्यालय के लिए ऐतिहासिक माना जा रहा है, क्योंकि नव-निर्मित स्थायी परिसर में आयोजित होने वाला यह पहला दीक्षांत समारोह होगा। इस परिसर का उद्घाटन जून 2024 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया था। पुनरुद्धार के बाद यह विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षांत समारोह हैअ पहला समारोह वर्ष 2016 में आयोजित हुआ था। विश्वविद्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक राष्ट्रपति इस अवसर पर दीक्षांत भाषण देंगी, विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान करेंगी तथा मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक से सम्मानित भी करेंगी। इसके साथ ही वह विश्वविद्यालय के नवनिर्मित 2,000 सीटों वाले सभागार ैविश्वमित्रालयै का उद्घाटन भी करेंगी।

## सज्जनों का संरक्षण, दुर्जनों के लिए जीरो टॉलरेंस : योगी

**संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार**



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में सुरक्षा के बेहतर माहौल के साथ सरकार रामराज्य की अवधारणा को साकार कर रही है। यहां हर सज्जन शक्ति का संरक्षण है, लेकिन दुर्जन के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाती है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए संवेदना है, लेकिन भ्रष्टाचार व भ्रष्टाचारियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति है।

यूपी में विरासत का सम्मान है और विकास की गारंटी भी। गोरखनाथ मंदिर में शुक्रवार को कन्या पूजन के बाद प्रदेशवासियों को वासंतिक नवरात्रि की नवमी तिथि एवं श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में रामराज्य की अवधारणा से बिना भेदभाव शासन की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। पिछले 11 वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में 6 करोड़ से अधिक व्यक्तियों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाकर उन्हें सम्मानजनक जीवनयापन करने के अवसर प्रदान किए गए हैं। हर क्षेत्र में विकास के साथ प्रदेश में 2 करोड़ 61 लाख गरीबों को शौचालय, 65 लाख परिवारों को पीएम-सीएम आवास योजना का लाभ मिला है। लगभग 10 करोड़ लोगों को पीएम-सीएम जन आरोग्य योजना में 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर उपलब्ध कराया गया है। 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन की सुविधा दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चैत्र शुक्ल नवमी, वासंतिक नवरात्रि की सिद्धि प्रदान करने वाली, सुख-समृद्धि और सर्वत्र खुशहाली प्रदान करने वाली पावन तिथि है।

### संक्षेप

## एसआईटी को 50 से फोन कॉल मिलीं

मुंबई। स्वयंभू बाबा और बलात्कार के आरोपी अशोक खरात के खिलाफ जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) को पिछले पांच दिन में 50 से अधिक फोन कॉल मिली हैं, जिनमें उसके द्वारा कथित तौर पर किए गए अपराधों के बारे में जानकारी दी गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा नियुक्त एसआईटी ने खरात के संबंध में जानकारी साझा करने या उसके द्वारा किए गए किसी भी अपराध की रिपोर्ट करने के लिए दो मोबाइल फोन नंबर जारी किए थे। पुलिस ने यौन उत्पीड़न, जबरन वसूली और आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने के आरोपों से जुड़ी कई शिकायतें मिलने के बाद नासिक निवासी खरात के खिलाफ अब तक आठ प्राथमिकी दर्ज की हैं। खरात नासिक जिले के सिन्नर में एक मंदिर ट्रस्ट का प्रमुख है। खरात को 18 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। 35 वर्षीय एक महिला ने खरात पर तीन साल के दौरान बार-बार बलात्कार करने का आरोप लगाया था। उसकी गिरफ्तारी के बाद, उसके खिलाफ बलात्कार की कई शिकायतें दर्ज की गईं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दो मोबाइल नंबर जारी किए जाने के बाद से, जांच टीम को औसतन प्रतिदिन 15 से 20 फोन कॉल मिल रही हैं।

## तृणमूल के खिलाफ भाजपा के आरोपों का संकलन जारी करेंगे अमित शाह

कोलकाता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले शनिवार को तृणमूल कांग्रेस नीत सरकार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आरोपों का संकलन जारी करेंगे। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने यह जानकारी दी।

अभियोगनामा नामक इस दस्तावेज में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के 15 साल के कार्यकाल के दौरान भ्रष्टाचार और कुशासन के कथित मामलों का संकलन किया गया है। भाजपा नेता ने कहा कि अभियोगनामा में तृणमूल सरकार की 14 क्षेत्रों में कथित विफलताओं को उजागर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन में भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था का चरमराना, महिलाओं की सुरक्षा संबंधी चिंताएं, सिंडिकेट राज का बोलबाला और स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र में संकट से संबंधित आरोप अभियोगनामा में प्रमुखता से शामिल होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि भाजपा अभियोगनामा का इस्तेमाल तृणमूल कांग्रेस की कथित कमियों को उजागर करने और उसके बाद अपने संकल्प पत्र में विकल्प प्रस्तुत करने की योजना बना रही है।

## भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण टीम ने चंडीगढ़ में एअर शो किया

चंडीगढ़। भारतीय वायुसेना की सूर्य किरण एरोबेटिक टीम (एसकेएटी) ने शुक्रवार को यहां एक एअर शो के दौरान सुखना झील के ऊपर शानदार हवाई करतब दिखाए।

आधा घंटे तक चले इस कार्यक्रम में छात्रों समेत बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे। इस दौरान आसमान में बादल छाए थे। हॉक एमके-132 विमानों ने लूप, बैरल रोल, इनवर्टेड फ्लाइंग और हवाई गोताखोरी जैसे करतब दिखाए, साथ ही धुएं का इस्तेमाल करते हुए डीएनए और वाई (युवा) जैसी आकृतियां भी बनाईं। वायुसेना स्टेशन से उड़ान भरने वालेये विमान शो के दौरान झील के ऊपर से गुजरे। चंडीगढ़ के मुख्य सचिव एच राजेश प्रसाद और उपायुक्त निशांत कुमार यादव सहित वरिष्ठ अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित थे। एसकेएटी के सदस्यों ने एअर शो से पहले बृहस्पतिवार को पंजाब लोक भवन में पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से शिष्टाचार भेंट की। चंडीगढ़ की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कंवरदीप कौर ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं को बताया था कि कार्यक्रम के मद्देनजर यातायात, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के लिए।,300 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा।

## छोटे दल, समूह और संगठनों को रिपब्लिकन पार्टी में शामिल होना चाहिए : केंद्रीय राज्य मंत्री

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**



मुंबई – महान मानव डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के विचारों को आधार मानकर काम करने वाले छोटे दलों, विभिन्न रिपब्लिकन समूहों और संगठनों को रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया में शामिल होना चाहिए। डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की कल्पना के अनुरूप रिपब्लिकन पार्टी को साकार करने के लिए हम प्रयासरत हैं। पूरे देश में हमने रिपब्लिकन पार्टी का विस्तार किया है और जल्द ही इसे राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिलेगा। इसी दिशा में पार्टी तेजी से आगे बढ़ रही है। पार्टी को और मजबूत बनाने के लिए छोटे रिपब्लिकन गुटों, दलों और संगठनों को इसमें शामिल होना चाहिए – ऐसा आह्वान रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय सामाजिक न्याय राज्य मंत्री रामदास आठवले ने किया। आंबेडकरी आंदोलन के विभिन्न विचारकों और सामाजिक कार्यकताओं को भी रिपब्लिकन पार्टी से जुड़ना चाहिए। डॉ. आंबेडकर की विचारधारा को मजबूत करने के लिए इन विचारकों को पार्टी का नीला झंडा उठाना चाहिए और पार्टी को सशक्त बनाना चाहिए, ऐसा भी उन्होंने कहा। वे आज मुंबई मराठी पत्रकार संघ में आयोजित एक पत्रकार परिषद में बोल रहे थे। इस अवसर पर पीपल्स रिपब्लिकन पार्टी महाराष्ट्र के अध्यक्ष मिलिंद सुर्वे, मुंबई अध्यक्ष मंगेश पगारे, राज्य महासचिव डॉ. उमेश पवार, राज्य उपाध्यक्ष अशोक तांबे सहित कई पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता रिपब्लिकन पार्टी में शामिल हुए। राष्ट्रवादी कांग्रेस के नेता जीवन जाधव भी अपने समर्थकों के साथ आज रिपब्लिकन पार्टी में शामिल हुए। उन्होंने केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले के आशीर्वाद से पार्टी में प्रवेश किया। प्रोफेसर जोगेंद्र कवाडे के नेतृत्व वाली पीपल्स रिपब्लिकन पार्टी से अलग होकर मिलिंद सुर्वे ने अपना अलग गुट बनाया था। उनके नेतृत्व में मुंबई और राज्य के कई कार्यकर्ता सक्रिय थे। आज उन्होंने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ रिपब्लिकन पार्टी में प्रवेश किया। इसी के साथ जीवन जाधव और डॉ. रश्मी जीवन जाधव के नेतृत्व में कई अन्य सहयोगियों ने भी रिपब्लिकन पार्टी में प्रवेश किया। इस प्रवेश की घोषणा मुंबई मराठी पत्रकार संघ में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में रामदास आठवले ने की। उन्होंने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी के कई छोटे-बड़े गुट और संगठन हैं तथा अनेक आंबेडकरी विचारक आंदोलन में कार्यरत हैं। इन सभी को एकजुट होकर रिपब्लिकन पार्टी में शामिल होना चाहिए, ताकि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की परिकल्पना का मजबूत और व्यापक पार्टी निर्माण किया जा सके। रामदास आठवले के नेतृत्व में रिपब्लिकन पार्टी पूरे देश में मजबूत हो रही है। नागालैंड और मणिपुर में पार्टी को मान्यता मिल चुकी है।




## संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र की एक युवती बीते दिनों संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई।काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने बंथरा थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ताराखेड़ा गांव की रहने वाली विमलेश पत्नी रामशंकर लोधी के मुताबिक उनकी 18 वर्षीय बेटी तनू वर्मा 24 मार्च को सुबह करीब 10:30 बजे राजकीय महाविद्यालय लतीफनगर पढ़ने के लिए घर से निकली थी, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटी। बाद में परिजनों ने अपने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां काफी तलाश की। लेकिन काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं कोई सुराग नहीं लग सका। काफी खोज बीन के बाद भी उसके कहीं ना मिलने पर परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। वहीं बेटी के अचानक लापता होने से परिवार में चिंता और भय का माहौल है। फिलहाल बंथरा पुलिस ने मामला दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी है और संभावित स्थानों पर जांच की जा रही है।


### यदुनंदन लाल वर्मा की टिप्पणी से सपा की सोच हुई उजागर : बबिता सिंह चौहान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। भगवान राम और माता कौशल्या पर विवादित बयान देने वाले सपा के नेता यदुनंदन लाल वर्मा के खिलाफ उप्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता सिंह चौहान ने कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदुनंदन के बयान से सपा की दूषित सोच उजागर हुई है। यही कहूंगी कि विनाश काले विपरीत बुद्धि। सपा अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का सपना देख रही है। वहीं उनकी पार्टी के नेता इस तरह सार्वजनिक रूप से घटिया शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। बयान से पार्टी के नेताओं की मानसिकता का अंदाजा लगाया जा सकता है। यह बेहद शर्मनाक है। इसके शब्दों पर इसे सजा मिलनी चाहिए और यह व्यक्ति समाज में रहने लायक नहीं है। सपा को चाहिए कि वह ऐसे नेता को तुरंत पार्टी से बाहर करे।

# सीतापुर-लखनऊ का गौरव: डॉ. राम बख्श सिंह की दूरदर्शी सोच आज भी प्रासंगिक

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। सीतापुर एवं लखनऊ जनपद के लिए यह अत्यंत गर्व और प्रेरणा का विषय है कि विश्वविख्यात वैज्ञानिक स्वर्गीय डॉ. राम बख्श सिंह, जिन्होंने बायोगैस एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया, आज के वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में भी अत्यंत प्रासंगिक सिद्ध हो रहे हैं। डॉ. राम बख्श सिंह का जीवन सीतापुर और लखनऊ दोनों से गहराई से जुड़ा रहा है। जहाँ एक ओर उनका जन्म जनपद सीतापुर में हुआ, वहीं उन्होंने अपने जीवन के पाँच दशकों से अधिक समय लखनऊ में व्यतीत करते हुए बायोगैस एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण अनुसंधान एवं कार्य किया।इस प्रकार उनका योगदान न केवल सीतापुर की जन्मभूमि का गौरव है, बल्कि लखनऊ की कर्मभूमि से जुड़ी वैज्ञानिक विरासत का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। डॉ. राम बख्श सिंह ने वर्ष 1957 में सीतापुर में पहला सफल गोबर गैस संयंत्र स्थापित कर ग्रामीण ऊर्जा के क्षेत्र में एक नई दिशा प्रदान की। उन्होंने न केवल भारत में, बल्कि विश्व के 15 से अधिक देशों में बायोगैस तकनीक के विकास और प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लगभग 40 वर्षों तक उनके निरंतर शोध और कार्यों ने इस तकनीक को एक व्यवहारिक और स्थायी ऊर्जा समाधान के रूप में स्थापित किया। आज, जब वैश्विक स्तर पर पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता के कारण आपूर्ति एवं मूल्य से जुड़ी चुनौतियाँ सामने आ रही हैं, और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गोबर गैस संयंत्रों को मिशन मोड में बढ़ावा देने की पहल की जा रही है, ऐसे समय में डॉ. राम बख्श सिंह की दूरदर्शी सोच और कार्य और भी अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि वर्ष 1970 के दशक के ऊर्जा संकट के दौरान भी उन्होंने बायोगैस को एक स्वदेशी, स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा समाधान के रूप में प्रस्तुत किया था। आज वही विचार पुनः राष्ट्रीय नीति और व्यवहार में दिखाई दे रहा है। यह सीतापुर एवं लखनऊ दोनों के लिए गर्व का विषय है कि इन दोनों जनपदों से जुड़े एक वैज्ञानिक की सोच आज देश और विश्व को ऊर्जा आत्मनिर्भरता, ग्रामीण विकास और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान कर रही है। आवश्यक है कि डॉ. राम बख्श सिंह के इस अमूल्य योगदान को व्यापक स्तर पर जनसामान्य तक पहुँचाया जाए, ताकि नई पीढ़ी उनके कार्यों से प्रेरणा लेकर सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ सके।

## बीबीडी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज बीबीडीयू में स्पोर्ट्स मीट 2026 का आयोजन

लखनऊ। बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज, बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय, लखनऊ ने अपने रजत जयंती वर्ष के अवसर पर 18 मार्च 2026 से 20 मार्च 2026 तक स्पोर्ट्स मीट 2026 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों, इंटर्न्स एवं फैकल्टी सदस्यों के बीच खेल भावना, टीमवर्क और समग्र विकास को बढ़ावा देना था। यह कार्यक्रम बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास, प्रो चांसलर विराज सागर दास की प्रेरणा एवं प्राचार्या प्रो. डॉ. नीता पसरीचा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उनके निरंतर सहयोग और प्रेरणा ने इस आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें शतरंज, कैरम, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, रस्साकशी, 200 मीटर दौड़, शॉट पुट तथा क्रिकेट शामिल थे। विभिन्न शैक्षणिक वर्षों एवं विभागों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

# पुरानी रंजिश के चलते घर पर हमला कर जिंदा जलाने के प्रयास का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र के हिंद नगर के सोमेश सिंह ने यही के मानसरोवर योजना सेक्टर व एलडीए कॉलोनी निवासी शिवम और उसके एक अन्य साथी पर पुरानी रंजिश के चलते घर पर हमला कर उसे जिंदा जलाने के प्रयास का आरोप लगाया है। सोमेश के मुताबिकबीपी 25 /26 मार्च की रात वह अपने मकान में अकेले सो रहा था, तभी रात करीब 3:30 बजे खिड़की का शीशा तोड़कर आधी ईंट उसके सिरहाने फेंकी गई। अचानक हुए हमले से घबराकर जब सोमेश ने उठकर बाहर देखा तो दो युवक हाथ में ईंट लिए खड़े थे, जो उसे गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित का कहना है कि उसके दूसरे कमरे में जाने पर हमलावरों ने फिर से खिड़की तोड़कर ईंट फेंकी, जिससे उसे कमर में गंभीर चोट आई। आरोप है कि इसके बाद हमलावरों ने ज्वलनशील पदार्थ (पेट्रोल या मिट्टी का तेल) डालकर आग लगाने की कोशिश करते हुए उसे जिंदा जलाने की धमकी दी। तब डरा सहमा पीड़ित किसी तरह घर के पीछे वाले कमरे में छिप गया और बेहोश हो गया। सुबह होश आने पर उसने बाहर निकलकर पड़ोस के सीसीटीवी फुटेज देखे, जिसमें आरोपी आते-जाते दिखाई दिए। पीड़ित ने एक आरोपी की पहचान शिवम के रूप में करते हुए घटना के पीछे पुरानी रंजिश बताई है। फिलहाल पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शिव शंकर सिंह द्वारा रेतेश्वर धाम में भव्य कन्या पूजन एवं भोज का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा क्षेत्र के बनी स्थित रेतेश्वर धाम में शुक्रवार को चैत्र रामनवमी अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता शिव शंकर सिंह (शंकरी सिंह) द्वारा भव्य कन्या पूजन एवं भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके अनुज राम शंकर सिंह मतोले भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में 5100 कन्याओं का विधि-विधान से पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ सह राष्ट्रीय संगठन सचिव संजय मिश्रा के हाथों पांच कन्याओं को बर्तन, भोजन, दक्षिणा और चुनरी भेंट कर किया गया। इसके बाद शंकरी सिंह एवं राम शंकर सिंह मतोले ने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर कन्याओं के चरण पखारे, उनकी आरती उतारी और आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजन के बाद कन्याओं को चुनरी, थाली, दक्षिणा सहित विविध उपहार प्रदान किए गए। भोज में शाही पनीर, छोला, चावल, खीर और हलुवा जैसे व्यंजन परोसे गए, जिसे कन्याओं ने प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। इस अवसर पर शंकरी सिंह ने कहा कि रामनवमी के पावन पर्व पर कन्या पूजन करना सनातन परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि कन्याओं में माता के स्वरूप का वास होता है, इसलिए उनका सम्मान और सेवा करना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन कई वर्षों से लगातार किया जा रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम में प्रो. सुशील पांडेय, पूर्व पार्षद रमाशंकर त्रिपाठी, पार्षद के.एन. सिंह, प्रधान रमेश गुप्ता, पूर्व प्रधान राकेश सिंह, विनय दीक्षित, मनोज रावत, पूर्व प्रधान सराय शहजादी राजेश सिंह, विकास सिंह, शिवनारायण सिंह, पूर्व प्रधान खुर्रमपुर संतोष सिंह, अंचल कुमार, सज्जन पाल, अभिषेक सिंह, अशोक सिंह और धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता और काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। अंत में आयोजन समिति के युवाओं को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

# विधायक डॉ राजेश्वर सिंह के प्रयासों से सरोजनीनगर को बड़ी सौगात

**157 करोड़ की लागत से बनने वाले साउथ सिटी-रजनीखंड आर.ओ.बी निर्माण को मिली मंजूरी**

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने जनपद लखनऊ में उत्तर रेलवे के सुल्तानपुर-उतरेठिया रेल खंड पर साउथ सिटी और रजनीखंड के बीच रेलवे लाइन पर 157 करोड़ की लागत से बनने वाले 2-लेन रेल उपरिगामी सेतु (ROB) के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने हेतु यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हृदयतल से आभार व्यक्त किया है। डॉ. सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इस महत्वपूर्ण विकास कार्य को मंजूरी मिलने से रायबरेली रोड पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा तथा सरोजनी नगर विधानसभा क्षेत्र में SGPGI एवं तेलीबाग के आसपास स्थित सैकड़ों कॉलोनियों में रहने वाले लाखों लोगों के लिए यह अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि कर्नल सत्येंद्र सिंह जी एवं क्षेत्रवासियों द्वारा इस परियोजना की मांग लंबे समय से की जा रही थी, जिसे अब स्वीकृति मिलना जनभावनाओं का सम्मान है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि यह परियोजना न केवल क्षेत्र के रहवासियों के लिए आवागमन को अधिक सुगम एवं सुरक्षित बनाएगी, बल्कि जाम की समस्या को कम कर आमजन को बड़ी राहत भी प्रदान करेगी। यह प्रदेश में सुदृढ़ एवं आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में तीव्र गति से हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर कार्य कर रही है। अंत में उन्होंने इस जनोपयोगी पहल के लिए मुख्यमंत्री का पुनः हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# काकोरी में मजदूर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**घरेलू कलह से परेशान था युवक, पत्नी से विवाद के बाद उठाया कदम**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। काकोरी क्षेत्र के मौंदा गांव में बृहस्पतिवार देर रात एक मजदूर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मौंदा गांव निवासी शनि कनौजिया (25) गुरुवार रात करीब 11 बजे शराब के नशे में था और घरेलू विवाद के चलते मानसिक रूप से काफी परेशान चल रहा था। बताया जा रहा है कि देर शाम उसका अपनी पत्नी लक्ष्मी से किसी बात को लेकर विवाद भी हुआ था। विवाद के बाद युवक ने अपने ही घर के कमरे में अंदर से दरवाजा बंद कर लिया और पंखे से दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। काफी देर तक जब वह बाहर नहीं निकला तो परिजनों को संदेह हुआ। परिजनों ने दरवाजा तोड़कर देखा तो वह फंदे से लटका हुआ मिला। आनन-फानन में उसे नीचे उतारकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

## खेत में भूसा भरने को लेकर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में खेत में भूसा भरने को लेकर विवाद के दौरान मारपीट हो गई। पीड़ित किसान ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बंथरा के मवई पड़ियाना निवासी लक्ष्मण के मुताबिक 26 मार्च को वह अपने खेत की ओर जा रहे थे, तभी सूचना मिली कि कुछ लोग उनके खेत में चोरी से भूसा भर रहे हैं। आरोप है कि खेत पर पहुंचने पर लक्ष्मण ने विरोध किया, तो वहां मौजूद 7-8 लोगों ने उन पर और उनके बेटे पर हमला कर दिया। आरोप है कि एक हमलावर ने असलहे के बट से लक्ष्मण और उनके पिता के सिर पर वार कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान लक्ष्मण की सोने की चैन भी टूट गई। बाद में दोनों का निजी अस्पताल में इलाज कराया गया, जहां बेटे के हाथ में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई। फिलहाल पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अफवाहों से मचा हड़कंप, पेट्रोल पंपों पर उमड़ी भीड़

**ड्रम और कैन लेकर पहुंचे लोग, अफवाहों ने बढ़ाई भीड़**

**कहीं पेट्रोल तो कहीं डीजल की कमी, प्रशासन ने कहा— घबराने की जरूरत नहीं**

अमन लेखनी समाचार



पेट्रोल पंप का निरीक्षण करते एसडीएम

लखनऊ। पेट्रोल और डीजल को लेकर फैली फर्जी अफवाहों ने मलिहाबाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल पैदा कर दिया। बृहस्पतिवार शाम से ही बड़ी संख्या में लोग अपने वाहनों, ड्रमों और अन्य बर्तनों के साथ पेट्रोल पंपों पर पहुंचकर ईंधन जमा करने लगे। हालात यह रहे कि कई स्थानों पर लंबी कतारें लग गईं, जिससे यातायात प्रभावित हुआ और जाम की समस्या खड़ी हो गई। कुछ जगहों पर धक्का-मुक्की और कहासुनी की घटनाएं भी सामने आईं। शुक्रवार को भी स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं हो सकी। रसूलाबाद स्थित जिओ पेट्रोल पंप पर दोपहर से पेट्रोल उपलब्ध नहीं हो पाया, जबकि रहीमाबाद और बंजारन खेड़ा के ग्रामीण क्षेत्रों में डीजल की कमी देखने को मिली। सूचना मिलते ही एसडीएम मलिहाबाद अंकित कुमार बंजारन खेड़ा स्थित पेट्रोल पंप पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान टैंकर के माध्यम से ईंधन की आपूर्ति कराई गई, जिससे लोगों को कुछ राहत मिली।

एसडीएम ने मौके पर मौजूद लोगों को स्पष्ट किया कि क्षेत्र में पेट्रोल और डीजल की कोई वास्तविक कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति केवल अफवाहों के कारण उत्पन्न हुई है। साथ ही लोगों से अपील की गई कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और संयम बनाए रखें। प्रशासन ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़, 34 लाख की ठगी का खुलासा

**मलिहाबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई, तीन आरोपी गिरफ्तार, देशभर में फैले नेटवर्क के संकेत**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद पुलिस व सर्विसलांस टीम ने साइबर ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरोह द्वारा ऑनलाइन (14 व15 मार्च) के अंदर करीब 34 लाख रुपये की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### संदिग्ध खाते से खुला राज

पुलिस के मुताबिक, साइबर क्राइम पोर्टल से प्राप्त सूचना के आधार पर एक संदिग्ध बैंक खाते की जांच की गई। जांच में खाते में भारी वित्तीय लेनदेन मिला। यह खाता काकोरी बहेरू निवासी सुमित कुमार के नाम पर संचालित था, जिसका इस्तेमाल ऑनलाइन ठगी में किया जा रहा था।

### तीन आरोपी गिरफ्तार, पूछताछ में खुलासा

पुलिस ने सुमित कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसके आधार पर ठाकुरगंज निवासी अरबाज खान और खानपुर मऊ काकोरी निवासी छोटू मौर्य को भी गिरफ्तार किया गया। दोनों को मलिहाबाद क्षेत्र के नवीनगर ढेढ़मऊ स्थित शारदा नहर के पास से पकड़ा गया।

### ऑनलाइन गेमिंग और निवेश के नाम पर ठगी

गिरोह के सदस्य टेलीग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए लोगों को ऑनलाइन गेमिंग व निवेश के नाम पर झांसा देते थे। कम समय में ज्यादा मुनाफा देने का लालच देकर लोगों से पैसे निवेश कराते और बाद में रकम को अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर डिजिटल करेंसी (यूएसडीटी) में बदल देते थे, जिससे ट्रैक करना मुश्किल हो जाता था।



पुलिस की गिरफ्त में तीन आरोपी

### वीपीएन और फर्जी नंबरों से छिपाते थे पहचान

आरोपी अपनी पहचान छिपाने के लिए वीपीएन और फर्जी मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल करते थे। इस कारण पुलिस को इन तक पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### देश के कई राज्यों से जुड़े तार

जांच में यह भी सामने आया है कि संबंधित बैंक खातों के खिलाफ अन्य राज्यों से भी धोखाधड़ी की शिकायतें दर्ज हैं। इससे गिरोह के बड़े नेटवर्क के संकेत मिल रहे हैं।

### मोबाइल, नकदी और स्कूटी बरामद

मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी के अनुसार, आरोपियों के पास से तीन मोबाइल फोन, 1800 रुपये नकद और एक स्कूटी बरामद की गई है। बताया गया कि छोटू मौर्य बैंक का बीसी पॉइंट चलाता था और वहीं से लोगों को जाल में फंसाता था, जबकि सुमित कुमार फर्जी कमर्शियल खाते खुलवाकर ठगी की रकम ट्रांसफर कराता था। अरबाज खान जूते-चप्पल की दुकान संचालित करता है। उक्त आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। अन्य फरार आरोपियों की तलाश के लिए टीमें गठित की गई हैं।

# सपा सांसद आनंद भदौरिया ने लोकसभा में महापुरुषों और शहीदों की प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त करने को लेकर यूपी सरकार पर लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी के लोकसभा सांसद आनंद भदौरया ने लोकसभा में शहीदों और महापुरुषों की प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त करने को लेकर चिंता जताते हुए उत्तर प्रदेश सरकार पर उनको क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाया । सपा सांसद श्री भदौरिया ने कहा कि मैंने पढ़ा था कि ₹ शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले - वतन पर मरने वालों का वालों का यही बाकी निशा होगा ₹ लेकिन उत्तर प्रदेश के अंदर लगातार शहीदों का संतों का अपमान किया जा रहा है, महापुरुषों की प्रतिमाओं को खंडित करने का काम किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में शहीद अशफाक उल्ला खां, पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की प्रतिमाओं को बुलडोजर चला करके उनको जमीं दोज करने का काम किया गया । उन्होंने ने कहा कि वाराणसी में माता अहिल्याबाई होलकर , परम पूज्य बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया गया ।

# अमौसी विद्युत कार्यालय में हंगामा, उपभोक्ता ने अवर अभियंता से की मारपीट

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अमौसी जोन स्थित विद्युत बिलिंग कार्यालय में बुधवार को बिल को लेकर उपभोक्ता और कर्मचारियों के बीच विवाद बढ़ गया, जो मारपीट में बदल गया। आरोप है कि आक्रोशित उपभोक्ता ने अवर अभियंता समेत दो कर्मचारियों की पिटाई कर दी, जिससे कार्यालय में अफरा-तफरी मच गई। कृष्णानगर कोतवाली पुलिस के अनुसार, अवर अभियंता अमरेश सिंह ने तहरीर देकर बताया कि वह अपने सहकर्मियों शशि कुमार (अवर अभियंता, बिलिंग) और राम बहादुर राम के साथ कार्यालय में मौजूद थे। इसी दौरान मलिहाबाद निवासी अयूब अहमद कार्यालय पहुंचा और बिजली बिल कम करने को लेकर विवाद करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। कर्मचारियों द्वारा समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन वह उग्र हो गया और धक्का-मुक्की करते हुए मारपीट करने लगा। घटना का वीडियो भी पीड़ित पक्ष के पास साक्ष्य के रूप में मौजूद बताया गया है। पुलिस ने अवर अभियंता की तहरीर पर आरोपी अयूब अहमद के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और सरकारी कार्य में बाधा डालने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं, दूसरे पक्ष के अयूब अहमद ने भी अवर अभियंता और कर्मचारियों पर अभद्रता और मारपीट के आरोप लगाए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कौशाम्बी सड़क दुर्घटना पर केशव मौर्य ने व्यक्त किया गहरा शोक

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनपद कौशाम्बी में कानपुर-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई भीषण सड़क दुर्घटना में हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इस घटना को अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक बताते हुए दिवंगतों के प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। उप मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस कठिन घड़ी में प्रदेश सरकार उनके साथ खड़ी है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति दें। श्री मौर्य ने दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि घायलों का समुचित एवं त्वरित उपचार सुनिश्चित कराया जाए।

# पेट्रोल और डीजल की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच प्रशासन पूरी तरह सतर्क

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। राजधानी में पेट्रोल और डीजल की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। शुक्रवार को सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) कृष्णानगर, एसडीएम सरोजनीनगर व बिजनौर पुलिस के अलावा आपूर्ति विभाग के एआरओ की संयुक्त टीम ने बिजनौर थाना क्षेत्र के कई पेट्रोल पंपों का सघन निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। एसीपी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा एक-एक पेट्रोल पंप पर जाकर स्टॉक की जांच की गयी। जहाँ जांच में सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता पाई गई, जिससे अफवाहों को पूरी तरह निराधार बताया गया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों से भी बातचीत कर आपूर्ति व्यवस्था की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान प्रशासन की ओर से आम जनता से अपील की गई कि पेट्रोलियम पदार्थों की कोई कमी नहीं है। लोग किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से ईंधन का भंडारण करने से बचें। साथ ही शांति और संयम बनाए रखने की भी अपील की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जनपद में पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है और स्थिति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है।

# संक्षेप

## भाई ने भाई की जमीन पर किया कब्जा विरोध पर की मारपीट

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार क्षेत्र के गाँव दैता निवासी ईश्वरदीन पुत्र स्व० गंगाचरन चार भाई है। पिता गंगाचरन ने अपनी जमीन को बराबर चार हिस्सो में बाट दिया था जिसमे तीन भाई अपने-अपने हिस्से मे अपना अपना मकान बना चुके है। अब ईश्वरदीन अपने हिस्से में घर बनवाना चाह रहे है लेकिन उस हिस्से में बड़े भाई बृजेश का कब्जा है। जब ईश्वरदीन ने अपने भाई से उस हिस्से को खाली करने को कहा तभी बृजेश उसकी पत्नी मुन्नी व लड़का अनुज ने लाठी डंडों से ईश्वरदीन को धुन दिया। उक्त लोगो गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए कोर्ट से खाली करवाने पर ही खाली करने की धमकी दी। सगे भाई द्वारा जबरन कब्जा कर लिए जाने व मारे पीटे जाने पर ईश्वरदीन पुलिस की शरण मे पहुँचा जहा तहरीर व मेडिकल के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## युवती समेत किशोरी हुई लापता दर्ज हुआ मुकदमा

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासिनी महिला ने थाने में तहरीर देकर कहा कि मेरी 17 वर्षीय पुत्री मेरे ही गांव का आरिफ पुत्र मोहम्मद ताज बहला फुसलाकर कर लेकर चला गया है अपनी इज्जत मान मयार्दा शर्म से मैं किसी को नहीं बताया आरिफ के घर वालों से अपनी पुत्री को वापस करने के लिए निवेदन करती रही परंतु आरिफ मेरी लड़की को कहीं बाहर लेकर ले जाकर रखे हुए हैं वापस नहीं किया है दूसरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के ही अंतर्गत एक गांव निवासिनी महिला ने थाने में तहरीर देकर कहा कि मेरी पुत्री आयु लगभग 20 वर्ष गांव का ही अंजेश पुत्र अनिल बहला फुसलाकर भाग ले गया है जिसमें मोहित पुत्र अजय आदिल पुत्र अनिल और एक अज्ञात मुस्लिम व्यक्ति की मदद रही है घर से झुमके सोने के व बिछुआ चांदी का लेकर गई है तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दिया।

## महिला ने अपने ससुरालीजनो पर दर्ज कराया सुसंगत धाराओं में मुकदमा

सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के गांव मुबारकपुर निवासी रोशनी पत्नी रामकिशोर ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर पति सहित सास,ससुर,देवरानी, जेठानी के ऊपर मारपीट गाली गलौज तथा जान से मार देने की धमकी देकर घर से निकाल देने का आरोप लगाया है। रोशनी ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि 14 मई 2022 को उसका विवाह राकेश पुत्र देवी दीन निवासी मुबारकपुर थाना बारा सगवर के साथ हुआ था। ससुराल पक्ष के लोग लगातार चार पहिया गाड़ी की मांग करते है दहेज न लाने पर सास, ससुर , जेठानी ,देवरानी अक्सर मारपीट कर मानसिक प्रताड़नाएं देते है। पति विदेश में नौकरी करते हैं। पति के विदेश से आ जाने पर 23 मार्च 26 को करीब 5:00 बजे पति राकेश, ससुर देवीदीन, सास राजवती ,जेठानी रितु व देवरानी पूजा ने मिलकर उसके साथ लाठी डंडों से मारा पीटा गालियां देते हुए पेट्रोल डालकर जिंदा जला देने की धमकी देते हुए घर से निकाल दिया ।थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# होली मिलन समारोह बना सामाजिक सौहार्द का संदेश, नेताओं की मौजूदगी से बढ़ी गरिमा

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। औरास कस्बे में आपसी प्रेम और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक 'होली मिलन समारोह' बड़े ही धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रत्याशी व क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र प्रताप सिंह द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम नर्सरी पुलिया स्थित आर.पी. लॉन में आयोजित किया गया, जहाँ क्षेत्र के तमाम दिग्गज नेताओं और कार्यकताओं का जमावड़ा लगा रहा।

मंत्री दानिश आजाद अंसारी रहे मुख्य अतिथि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री दानिश आजाद अंसारी शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए होली की शुभकामनाएं दीं और कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारे और एकता को मजबूत करते हैं।




### प्रमुख जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति

इस अवसर पर जनसत्ता दल प्रदेश महासचिव बृजेश सिंह राजावत, मोहान विधायक ब्रजेश कुमार रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शांशक सिंह, और पूर्व ब्लॉक प्रमुख संघ के कुंवर वीरेंद्र सिंह (राजा साहब मल्हेरा), भाजपा नेत्री संयोगिता सिंह चौहान, सम्पादक रुद्र प्रताप सिंह, रावेंद्र सिंह (रवि) ने शिरकत की। साथ ही औरास चेयरमैन राकेश कुमार और रसूलाबाद चेयरमैन प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी भी मौजूद रहे। क्षेत्रीय नेताओं और कार्यकताओं का लगा तांता कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता शिव प्रसाद सिंह, एडवोकेट उमेश तिवारी, आशीष रंजन, नामित सभासद ध्यानप्रकाश चौरसिया, गौरव पांडे, और रामजीवन कनौजिया उर्फ छोटक्के सहित कई पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

इसके अलावा आदमपुर प्रधान प्रतिनिधि विकास वर्मा, मोहित सिंह, प्रशांत मिश्रा, विपिन यादव, नितिन मिश्रा, सुरेंद्र कनौजिया, सुरेंद्र सिंह, पुजानी सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष ब्रजेश त्रिपाठी और राष्ट्रीय किसान मंच के प्रदेश मंत्री सौरभ मिश्रा समेत सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग और समर्थक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में आयोजक भूपेंद्र प्रताप सिंह ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। फूलों की होली और जलपान के साथ कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ।

# तीन बड़ी यात्राओं ने वातावरण को किया राममय

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव ।शुक्रवार राम के नाम रहा। श्रृष्टि के रचयिता के जन्मोत्सव की खुशियां मना रहे लोग झूमते गाते हुए निकले पुरवा,मौरावां भवानी गंज में सम्पन्न जवारा यात्राओं ने वातावरण को राम मय बना दिया ।खास यह यात्रा में इलाके के जनप्रतिनिधियों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया ।नगर के मोहल्ला शीतल गंज स्थित मां आनंदेश्वरी मंदिर से शुरू हुई यात्रा का समापन पुनः मंदिर परिसर में हुआ। लगभग एक दशक पूर्व शुरू हुई जवारा यात्रा में दर्जनों झाकियों के अलावा डी जे ,बैंड बाजा हाथी ,घोड़े भी शामिल हुए यात्रा में सैकड़ों महिलाएं हाथ में राम ध्वज लिए अगवानी कर रहीं थी आनंदेश्वरी मंदिर से शुरू हुई यात्रा जैसे ही मिर्री चौराहा पहुंची यहां पहले से मौजूद प्रखर हिन्दू नेता विमल द्विवेदी,पूर्व विधायक उदयराज यादव, भाजपा नेता उत्तम चंद्र लोधी आदि ने राम की आरती कर उन्हें नमन किया ।आगे चलकर राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के प्रचार प्रमुख अवध क्षेत्र डा अशोक दुबे ने यात्रा का स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि अयोध्या में राम लला के विराज होने के बाद से राम भक्तों ने गजब का उत्साह है जो आज दिखाई भी पड़ा हिंदुत्व वादी नेता विमल द्विवेदी ने कहा राम जन के प्राण आधार है यात्राओं में हिंदुओं की भागीदारी की सराहना की जानी चाहिए ।सनद रहे कि युवा गोली बाजपेई,संजय गुप्ता,अमित सोनी सहित तमाम नौजवानों की टीम यात्रा की जिम्मेदारी उठा रही है यही वजह है कि यात्रा में प्रति वर्ष न सिर्फ झाकियों की तादात बढ़ती है बल्कि लोगों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है ।यात्रा पीराशाह,बस स्टॉप,वजीर गंज, राजा बाजार होते हुए पुनः आनंदेश्वरी मंदिर पहुंची पूर्व सभासद एवं समाजसेवी बिमल बाजपेई ने आगंतुकों का स्थान स्थान पर स्वागत किया इस अवसर पर बाल शंकर त्रिपाठी,प्रमोद श्रीवास्तव, ओएसडी पंकज मिश्र,विजय पटेल, सुनील वर्मा,रोहित शुक्ल,बब्बू बाजपेई,कपिल त्रिपाठी सतीश कुशवाहा,अश्वनी त्रिपाठी,राजकुमार लोधी,मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र लोधी, जिला पंचायत सदस्य रामकिशुन लोधी,हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी सहित हजारों की संख्या में राम भक्त मौजूद रहे।



# डीजल किल्लत का दिखा असर पेट्रोल पंपों पर दिखा वाहनों की लंबी लम्बी कतारें

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव में गैस किल्लत के बीच अब डीजल की कमी की खबरें भी सामने आने लगी हैं। हालांकि पेट्रोल पंप संचालक अभी किसी बड़े संकट से इनकार कर रहे हैं, लेकिन जमीनी हालात कुछ और ही कहानी बयां कर रहे हैं ।नवाबगंज के भल्ला फार्म के पास स्थित एचपी फिलिंग स्टेशन और आसपास के एक अन्य पेट्रोल पंप पर डीजल न मिलने से दर्जनों ट्रक खड़े हैं।

बताया जा रहा है कि कई ट्रक 24 घंटे से डीजल का इंतजार कर रहे हैं, जिनमें गैस से लदी गाड़ियां भी शामिल हैं।

उन्नाव के नवाबगंज क्षेत्र में डीजल की उपलब्धता को लेकर स्थिति चिंताजनक नजर आ रही है ।भल्ला फार्म के पास स्थित एचपी फिलिंग स्टेशन और एक अन्य पेट्रोल पंप पर डीजल न मिलने के कारण कई ट्रक खड़े हैं। इनमें कुछ गैस से लदे वाहन भी शामिल हैं, जो पिछले 24 घंटे से डीजल का इंतजार कर रहे हैं ।हालांकि पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि शाम तक डीजल का नया स्टॉक आने की उम्मीद है, इसलिए घबराने की जरूरत नहीं है।

फिलहाल स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं है, लेकिन यदि आपूर्ति में देरी होती है तो यह समस्या और बढ़ सकती है ।क्या आपके इलाके में भी डीजल की कमी देखने को मिल रही है ? कमेंट में जरूर बताएं।

# युवक के खाते से 2 लाख 98 हजार रुपए हुए पार पीड़ित ने दी तहरीर

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। क्षेत्र के गांव त्रिपुरारपुर निवासी मनोज सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका बैंक खाता गांव स्थित उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक में है ।शुक्रवार को उसके मोबाइल नंबर पर बैंक से तीन बार में 2:98 लाख रुपए कटने का मैसेज आया ।बैंक पहुंचकर जब इसकी जानकारी की तो बैंक द्वारा तीन दिन में यूपीआई के जरिए रुपए कटने की जानकारी दी गई ।जिसके बाद साइबर फ्राड होने की जानकारी हुई ।पीड़ित ने रुपए जल्द वापस दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# एक अप्रैल से नए सत्र के लिए चलेगा स्कूल चलो अभियान

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में नए सत्र में अधिक से अधिक नामांकन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से एक अप्रैल से ₹स्कूल चलो अभियान₹ प्रारंभ किया जाएगोअभियान के तहत शतप्रतिशत नामांकन कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है

प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिला कोषाध्यक्ष अमित तिवारी ने बताया कि विभाग द्वारा जारी निदेशों के अनुसार अभियान दो चरणों में एक अप्रैल से पंद्रह अप्रैल एवं एक जुलाई से पंद्रह जुलाई तक चलेगोछह से चौदह वर्ष तक के सभी बच्चों को अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध कराने की प्राथमिकता के तहत आउट ऑफ स्कूल बच्चों, बालिकाओं, दिव्यांग और प्रवासी परिवारों के बच्चों के चिन्हित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगो

बता दें कि मुख्य सचिव ने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग को पत्र जारी कर निर्देशित किया है कि तीन वर्ष के बच्चों को आंगनवाड़ी या बाल वाटिका में और छह वर्ष के बच्चों को कक्षा एक में शत प्रतिशत प्रवेश कराया जाऐ

सफीपुर बीईओ अनीता साह ने बताया अभियान में प्रधानाध्यापक ,शिक्षक ,शिक्षा मित्र,अनुदेशक घर घर जाकर अभिभावकों से मिलकर सरकारी स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी देंगेइसमें डीबीटी,कायाकल्प योजना के तहत विकसित स्कूल भवन,मिड डे मील,खेल मैदान आदि सुविधाएं शामिल है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग भूसा अनाज समेत तीन मवेशी झुलसे



अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के चिलौला गांव निवासी संतराम पुत्र सोनेलाल के बाड़े में बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। जिससे उसमें रखा मवेशियों ले लिए भूसा, अनाज सहित तीन मवेशी गंभीर रूप से झुलस गए। आग की लपटे देख ग्रामीणों ने पंपिंग सेट से आग पर काबू पाया ।आग से पीड़ित संतराम का लाखो रुपए का नुकसान हो गया है। सूचना पाकर मौके पे पहुंचे राजस्व कर्मचारियों ने शुक्रवार को नुकसान के आकलन की रिपोर्ट तैयार की है इस संबंध में एसडीएम प्रज्ञा पांडे ने बताया कि आज की जानकारी मिली थी मौके पर संबंधित लेखपाल को भेज कर नुकसान के आकलन रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है।

# उन्नावः आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा, एक की मौत, चार कर्मचारी घायल।

### झपकी बनी कालः एक्सप्रेसवे पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली से टकराई कार, बुलंदशहर के युवक की मौके पर मौत

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव ।आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में कार सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि यूपीडा के चार कर्मचारी घायल हो गए। हादसा थाना औरास क्षेत्र के अंतर्गत माइलस्टोन संख्या 265 पर करीब शाम 4:45 बजे हुआ।

### नींद की झपकी बनी हादसे का कारण

प्राप्त विवरण के अनुसार, आगरा से लखनऊ की ओर जा रही होंडा अमेज कार (नंबर ऊछ 13उउ 4080) के चालक मोहम्मद रजा पुत्र अहमद (निवासी बुलंदशहर) को अचानक नींद की झपकी आ गई। अनियंत्रित होकर कार एक्सप्रेसवे के किनारे खड़ी यूपीडा की ट्रैक्टर-ट्राली में पीछे से जा घुसी। उस समय यूपीडा के लेबर डिवाइडर पर लगी घास की सफाई कर रहे थे।



### एक की मौत, कई घायल

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार की अगली सीट पर बैठे अजमल पुत्र रसीद (निवासी पठान टोला पहासू, जनपद बुलंदशहर) की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वहीं, कार की चपेट में आने से यूपीडा के चार कर्मचारी– मुकेश, जयपाल, गुड्डू और प्रभु दयाल घायल हो गए। घायलों का उपचार नजदीकी अस्पताल में चल रहा है।

### पुलिस की कार्रवाई

सूचना मिलते ही स्थानीय औरास पुलिसऔर यूपीडा की टीम मौके पर पहुंची। औरास पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मोर्चरी उन्नाव भेज दिया है। मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है, जो घटनास्थल के लिए रवाना हो चुके हैं। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

# राम नवमी पर भव्य शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। राम नवमी के पावन अवसर पर नगर पंचायत मौरावां में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूरे नगर का माहौल भक्तिमय हो गया और हर ओर ₹जय श्रीराम₹ के जयघोष गूंजते रहे।

कुंवर विवेक सेठ की अगुवाई में हनुमान मंदिर से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। बैंड-बाजा, ढोल-नगाड़ों और भव्य झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। राम-जानकी और भगवान भोलेनाथ की विशाल झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

शोभायात्रा मौरावां के विभिन्न मार्गों से होती हुई पुरानी बाजार और चंदनगंज बाजार पहुंची। इस दौरान जगह-जगह लोगों ने श्रद्धालुओं को शरबत पिलाकर स्वागत किया। जैसे-जैसे जुलूस आगे बढ़ता गया, वैसे-वैसे भीड़ बढ़ती चली गई और नगर पूरी तरह राममय हो गया।



शोभायात्रा विधायक अनिल सिंह के कार्यालय पहुंची, जहां उन्होंने प्रभु श्रीराम की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भगवान राम पूरे विश्व के आराध्य हैं और उनके आदर्शों पर चलकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक उदय राज यादव चेयरमैन कुंवर विवेक सेठ, सोनू सिंह, तोसों अग्निहोत्री, रजनीश सिंह, पल्लवी सेठ, राहत त्रिपाठी, सम्राट शुक्ला, रामकृष्ण शुक्ला, टिंकू त्रिपाठी और प्रणव शुक्ला सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। थाना अचलगंज क्षेत्र में धोखाधड़ी कर रुपये निकालने वाले वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना अचलगंज पर दर्ज मुकदमा संख्या 683/25, धारा 409, 420, 504 भादवि व 3(2)५ एससी/एसटी एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त देवेश कुमार (60 वर्ष) को पुलिस ने उसके घर के बाहर से गिरफ्तार किया। अभियुक्त ग्राम जमुका, थाना अचलगंज का निवासी है और काफी समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रहा था ।गिरफ्तारी की यह कार्रवाई 27 मार्च 2026 को उपनिरीक्षक अशोक कुमार दुबे द्वारा अपनी टीम के साथ की गई। टीम में कांस्टेबल सूरज सिंह और कांस्टेबल सुनील कुमार भी शामिल रहे ।पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

# दो अप्रैल से शुरू होगा ऐतिहासिक चैतवर मेला

अमन लेखनी समाचार

नवाबगंज, उन्नाव। आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का अनूठा संगम माने जाने वाला नवाबगंज का ऐतिहासिक चैतवर मेला इस वर्ष 2 अप्रैल से पूर्णमासी के पावन अवसर पर प्रारंभ होगा। मेले को लेकर पूरे कस्बे में उत्साह चरम पर है। बाजारों से लेकर गलियों तक रंग-बिरंगी सजावट, झूलों और अस्थायी दुकानों से मेला क्षेत्र पूरी तरह सजकर तैयार हो चुका है। हर वर्ष की तरह इस बार भी हजारों श्रद्धालुओं के उमड़ने की संभावना है ।दशकों पुरानी इस परंपरा का धार्मिक और सामाजिक महत्व अत्यंत खास रहा है। पहले यह मेला लगभग एक माह तक चलता था, जहां लोग सालभर की जरूरतों का सामान खरीदते थे। समय के साथ इसकी अवधि भले कम हो गई हो, लेकिन श्रद्धालुओं की आस्था और जुड़ाव आज भी उतना ही मजबूत है।

### दीपों की रोशनी से जगमगाएगा नगर

मेले का सबसे प्रमुख आकर्षण माँ की पवित्र ज्योति होगी। दुर्गा मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में शाम 4 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो पूरे नगर को भक्तिमय वातावरण में रंग देगी। इस दौरान कस्बे के हर घर तक मिट्टी के दीपक पहुंचाए जाएंगे। जैसे ही ज्योति नगर में प्रवेश करेगी, गली-मोहल्ले दीपों की रोशनी से जगमगा उठेंगे, जिससे पूरा नवाबगंज मानो रोशनी की चादर ओढ़ लेगा।

### भव्य शोभायात्रा बनेगी आकर्षण का केंद्र

शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे। बैंड-बाजों की गूंज, आकर्षक झांकियां और हाथी-घोड़ों की मौजूदगी इस आयोजन को भव्यता प्रदान करेगी। ह्यजय माता दीह्न के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठेगा, जिससे हर ओर श्रद्धा और उत्साह का माहौल बनेगा।

### दो ज्योतियों का दिव्य मिलन

मेले की सबसे खास परंपरा दुर्गा मंदिर और कुशहरी मंदिर से निकलने वाली दो ज्योतियों का मिलन है। इस अद्भुत और दिव्य संगम को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र होते हैं। यह दृश्य आस्था, भक्ति और रोमांच का अनूठा अनुभव कराता है, जो मेले की पहचान बन चुका है।

### मंदिर परिसर में सजेगा रंग-बिरंगा मेला

पछियाव मोहल्ला स्थित प्राचीन दुर्गा माता मंदिर के पास लगने वाले इस मेले में रोजमर्रा की वस्तुओं की दुकानें सजेंगी। बच्चों और युवाओं के लिए झूले, खेल-तमाशे और मनोरंजन के कई साधन उपलब्ध रहेंगे, जिससे यह मेला हर वर्ग के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा।

### श्रद्धालुओं के लिए पुख्ता व्यवस्थाएं

मेला समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। स्नान के लिए खजुरिया तालाब और पक्के तालाब की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा पेयजल, साफ-सफाई, ठहरने और सुरक्षा के भी विशेष प्रबंध किए गए हैं। मुख्य मार्गों पर चुने का छिड़काव और जगह-जगह प्याऊ लगाए जाएंगे। खास बात यह है कि दुकानदारों को पांच दिनों तक मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जाएगी।

### स्व. पूरन दीक्षित के सपनों को मिल रहा आकार

चैतवर मेले को नई पहचान दिलाने में मेला कमेटी की अहम भूमिका रही है। इसकी नींव स्वर्गीय पूरन दीक्षित ने रखी थी, जिनका सपना था कि यह मेला भव्य और सुव्यवस्थित रूप में विकसित हो। उनके निधन के बाद भी कमेटी उसी संकल्प के साथ मेले को निरंतर आगे बढ़ा रही है।

### आस्था, संस्कृति और एकता का प्रतीक

चैतवर मेला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि क्षेत्र की आस्था, सांस्कृतिक धरोहर और सामाजिक एकता का जीवंत प्रतीक है। यह मेला हर वर्ष हजारों लोगों को एक साथ जोड़कर नवाबगंज की पहचान को और मजबूत करता है।

# गाजे बाजे के साथ निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के कस्बा भगवंतनगर में चैत्र नवमी पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नगर पंचायत की ओर से आयोजित इस यात्रा की अगुवाई पंचायत अध्यक्ष आशीष 'रिंकू' शुक्ला ने की। शोभायात्रा प्राचीन फूलमती देवी मंदिर से शुरू हुई ।सैकड़ो मोटरसाइकिल के काफिले व डी जे के साथ राम धुन में रमें भक्त मनिकापुर के वनखण्डेश्वर शिव मंदिर पहुँचे । मनिकापुर में ब्यवसायी कपिल गुप्ता द्वारा भक्तों को शरबत वितरित किया गया। नगर वापस पहुँचे श्रद्धालुओं ने पैदल नगर की गलियों में भ्रमण किया। नन्हे बच्चो द्वारा सुंदर तरीके से गणेश,दुर्गा,राम सीता आदि की झाकिया तैयार की गई थी जिसे देख नगर वासी आत्म विभोर हो गए। श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। उनके हाथों में धार्मिक ध्वज थे। ढोल-नगाड़ों और भक्ति संगीत के बीच जय श्री राम के जयकारे गूंजते रहे। फूलमती मंदिर से बस स्टॉप तक घोड़ा दौड़ का भी आयोजन किया गया जिसमें विजयी घुड़सवार को कमेटी द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम दौरान नगर चौकी इंचार्ज देवेंद्र अवस्थी मय दलबल मुस्तैद दिखे । कार्यक्रम में अमित सोनी ,नितिन बाजपेई,दुर्गेश गुप्ता,पिंटू गुप्ता, नंदलाल रावत, राजू बाजपेई, राहुल निर्मल, महेश गुप्ता,प्रभांशू बाजपेयी,अर्पित दुबे,हेमंत सोनी ,शरदेंदु मिश्रा,राघव शुक्ला,नीरज गुप्ता सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# दहेज उत्पीड़न का दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के गांव भागू खेड़ा निवासी मोनी पुत्री रामपाल ने थाने में तहरीर देकर ससुराली जनों पर मारपीट व दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है ।मोनी देवी ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसका विवाह 12 फरवरी 25 को तरुण सिंह यादव पुत्र लल्लू सिंह निवासी निवासी सलेथू थाना पुरवा उन्नाव के साथ हुआ था प्रार्थी की मां ने 10 लाख रुपए दहेज में खर्च कर विवाह किया था। उसके बावजूद भी ससुराल के लोग चार पहिया वाहन की मांग करते रहे। दहेज न देने पर घर से निकाल कर दूसरा विवाह करने की धमकी देते हैं ।20 जनवरी 26 को पति तरुण सिंह यादव ,ससुर लल्लू सिंह , ननद नेहा, नंदोई विनोद तथा सास ने मारपीट गाली गलौज करते हुए उसके जेवर छीन लिए और घर से निकाल दिया ।मायके आ जाने के बाद दोबारा आए तो जान से मार देंगे एक पखवारा पूर्व मेरे मायके आ जाने पर उपरोक्त लोग घर आ धमके और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है ।थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है जांच के। बाद कार्रवाई की जाएगी

## मां भगवती का संगीतमय जागरण का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के कस्बा ऊगू स्थिति माता कामाख्या देवी मंदिर परिसर में मां भगवती का संगीतमय जागरण का आयोजन किया गया जिसमें रात भर भक्त गण गायकों के देवी भजनों पर नाचते गाते हुए झूमते रहे। नगर निवासी पुत्तीलाल पटेल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में लखनऊ की निराला सनातनी जागरण पार्टी के गायकों ने पूजन अर्चन के बाद भजनों का सिलसिला शुरू किया जो रातभर चलता रहा। भजन गायक निराला का ,चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है प्रिया तिवारी की प्रस्तुति शेर पे सवार होके आई शेरावाली, आदि ने भक्ति भरे गीतों से श्रोताओं को नाचने पर विवश कर दिया। कार्यक्रम में मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई। आयोजक पुत्तीलाल ने सुबह आरती के साथ प्रसाद वितरण कराया और जागरण में आए भक्तों का आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही भगवान श्री राम का जन्मोत्सव रामनवमी पर्व भी धूमधाम से मनाया गया। दोपहर बारह बजते ही घंटा घड़ियाल और शंख की ध्वनि के बीच भए प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी का स्वर गुंजायमान हो उठा।

## सम्पादकीय

# धर्मांतरण रोकने में अहम साबित होगा सुप्रीम कोर्ट का फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि जो व्यक्ति हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म को मानता है, वह अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं हो सकता यानी वह अनुसूचित जाति के लोगों को मिलने वाले लाभ व विशेषाधिकारों का पात्र नहीं हो सकता। न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा की अध्यक्षता वाली दो-न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि किसी अन्य धर्म में धर्मांतरण करने पर अनुसूचित जाति का दर्जा समाप्त हो जाता है। पीठ ने संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 के प्रावधानों का हवाला देते हुए आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय का 30 अप्रैल 2025 का आदेश को बरकरार रखा और कहा कि यह स्थिति स्पष्ट है। यह फैसला भारतीय सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य में दूरगामी प्रभाव डाल सकता है। यह निर्णय मूलतः उस संवैधानिक ढांचे की पुनर्पुष्टि है, जो अनुसूचित जातियों को ऐतिहासिक-सामाजिक भेदभाव के आधार पर संरक्षण देता है। अदालत का तर्क यह है कि जाति-आधारित उत्पीड़न मुख्यतः उन धर्मों की सामाजिक संरचना से जुड़ा है, जहां जाति व्यवस्था मौजूद है। इसलिए यदि कोई व्यक्ति ईसाई या इस्लाम जैसे धर्म को अपनाता है, जहां सैद्धांतिक रूप से जाति व्यवस्था नहीं मानी जाती तो उसे अनुसूचित जाति के विशेष अधिकारों जैसे आरक्षण व कानूनी संरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। इस फैसले का पहला बड़ा प्रभाव आरक्षण व्यवस्था पर पड़ेगा। ऐसे लोग जिन्होंने धर्म परिवर्तन किया है लेकिन अभी तक एससी प्रमाणपत्र रखते हैं, अब कानूनी रूप से उन लाभों के पात्र नहीं रहेंगे। इससे शिक्षा, सरकारी नौकरियों और राजनीतिक प्रतिनिधित्व में उनकी स्थिति प्रभावित हो सकती है। यह प्रशासनिक स्तर पर भी चुनौती पैदा करेगा, क्योंकि कई मामलों में धर्म परिवर्तन के बाद भी जाति प्रमाणपत्र रद्द नहीं किए जाते। दूसरा महत्वपूर्ण प्रभाव अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के उपयोग पर पड़ेगा। इससे ऐसे मामलों में कमी आ सकती है, जहां आरोप लगाया जाता रहा है कि कानून का दुरुपयोग हुआ। हालांकि इसके साथ ही यह चिंता भी उठेगी कि धर्म परिवर्तन कर चुके दलितों के साथ होने वाले भेदभाव को अब किस कानूनी ढांचे में संबोधित किया जाएगा। तीसरा पहलू सामाजिक और राजनीतिक बहस का है। लंबे समय से यह मुद्दा उठता रहा है कि धर्म परिवर्तन के बावजूद सामाजिक भेदभाव समाप्त नहीं होता। ऐसे में यह निर्णय इस बहस को और तेज कर सकता है कि क्या एससी दर्जा केवल धर्म से जुड़ा होना चाहिए या सामाजिक वास्तविकताओं के आधार पर तय होना चाहिए। यह फैसला केवल एक कानूनी व्याख्या नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह सरकार और समाज दोनों के सामने यह चुनौती रखता है कि वे धर्म परिवर्तन कर चुके दलितों के अधिकारों और सुरक्षा के लिए एक संतुलित और समावेशी नीति तैयार करें, ताकि समानता और न्याय के संवैधानिक आदर्शों को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। हालांकि यह फैसला भविष्य में धर्मांतरण पर रोक लगाने में भी मील का पत्थर साबित हो सकता है। अनेक बार ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां पर प्रलोभन देकर अनुसूचित जाति के लोगों का धर्मांतरण कराने का आरोप लगा है। इस फैसले से एससी वर्ग के लोग धर्मांतरण करने से बचेंगे।



आर्थिकी

बृजेश कुमार द्विवेदी

> अब भारत किसी एक क्षेत्र या देश पर पूरी तरह निर्भर नहीं है। मध्य-पूर्व के पारंपरिक स्रोतों के साथ-साथ रूस, अमेरिका और अन्य क्षेत्रों से आयात की नीति ने जोखिम को काफी हद तक संतुलित किया है। यह रणनीति वैश्विक संकटों के प्रभाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सबसे महत्वपूर्ण पहलू रिफाइनिंग क्षमता का विस्तार है। भारत आज न केवल अपनी जरूरतों को पूरा करने में सक्षम है, बल्कि पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में भी महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इससे आपूर्ति श्रृंखला अधिक लचीली और सुदृढ़ बनी है। इसके साथ ही भारत ने रणनीतिक तरीके से पेट्रोलियम भंडार को सुदृढ़ किया है। यह कहना उचित होगा कि इतिहास ने भारत को सावधान रहना सिखाया है

# पेट्रो समस्या और आज का भारत

भारत ने ऊर्जा अस्थिरता का दौर पहले भी देखा है। विशेष रूप से 1973 में तेल समस्या के समय, जब तेल उत्पादक देशों द्वारा आपूर्ति सीमित कर दी गई थी, दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाएं हिल गईं थीं। उस दौर में भारत आयात पर निर्भर था और देश के पास न तो पर्याप्त भंडारण था और न ही विविध आपूर्ति के स्रोत थे इसलिए गंभीर दबाव में आ गया था। तब महंगाई बढ़ी, आर्थिक विकास प्रभावित हुआ और ऊर्जा सुरक्षा की सीमाएं स्पष्ट हो गईं, लेकिन पांच दशकों में भारत की स्थिति में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। आज का भारत उस समय के भारत से कई मायनों में अलग है-नीतिगत रूप से भी और संरचनात्मक रूप से भी। सबसे बड़ा बदलाव ऊर्जा स्रोतों का विविधीकरण है। अब भारत किसी एक क्षेत्र या देश पर पूरी तरह निर्भर नहीं है।

मध्य-पूर्व के पारंपरिक स्रोतों के साथ-साथ रूस, अमेरिका और अन्य क्षेत्रों से आयात की नीति ने जोखिम को काफी हद तक संतुलित किया है। यह रणनीति वैश्विक संकटों के प्रभाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सबसे महत्वपूर्ण पहलू रिफाइनिंग क्षमता का विस्तार है। भारत आज न केवल अपनी जरूरतों को पूरा करने में सक्षम है, बल्कि पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में भी महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इससे आपूर्ति श्रृंखला अधिक लचीली और सुदृढ़ बनी है। इसके साथ ही भारत ने रणनीतिक तरीके से पेट्रोलियम भंडार को सुदृढ़ किया है। अतीत में इसकी अनुपस्थिति ने संकट को गहरा किया था, लेकिन आज भारत ने आपात स्थितियों से निपटने के लिए भंडारण की मजबूत व्यवस्था विकसित की है। यह किसी भी अचानक वैश्विक झटके के समय देश को आवश्यक समय और स्थिरता प्रदान करता है। पेरिस स्थित अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी आईईए ने कहा कि संघर्ष के कारण वैश्विक तेल बाजार के इतिहास में सबसे बड़ी आपूर्ति बाधा उत्पन्न हुई है, जो 1970 के दशक के संकट को भी पार कर गई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में अपने अपने संबोधन में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का उल्लेख किया, जो वैश्विक तेल व्यापार की सबसे महत्वपूर्ण जीवन रेखा मानी जाती है। भारत अपनी जरूरत का एक बड़ा हिस्सा इसी समुद्री रास्ते से मंगवाता है। युद्ध की वजह से इस रास्ते पर जहाजों का आवागमन बेहद चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरा हो गया है। चूंकि भारत अपनी जरूरत की 60 प्रतिशत एलपीजी का आयात करता है, इसलिए आपूर्ति में जरा सी भी अनिश्चितता देश के करोड़ों रसोईघरों के बजट को बिगाड़ सकती है।

सरकार का मुख्य फोकस इसी बात पर है कि युद्ध के बावजूद सामान्य परिवारों तक गैस और पेट्रोल-डीजल की पहुंच बाधित न हो। गैस क्षेत्र में देश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। पाइपलाइन नेटवर्क का विस्तार, एलएनजी टर्मिनलों की स्थापना और सिटी गैस वितरण व्यवस्था ने ऊर्जा की पहुंच को अधिक व्यापक और विश्वसनीय बनाया है। फिर भी, यह मान लेना कि भारत पूरी तरह सुरक्षित है, यह भी उचित नहीं होगा। देश अभी भी अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है और अंतरराष्ट्रीय कीमतों का असर घरेलू बाजार पर पड़ता ही है। युद्ध और भू-राजनीतिक तनाव वैश्विक आपूर्ति को प्रभावित कर सकते हैं, जिससे कीमतों में अस्थिरता बनी रह सकती है। यही कारण है कि आत्मनिर्भरता और वैकल्पिक ऊर्जा पर जोर पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।




ओएनजसी समेत पेट्रो से सम्बंधित संस्थाओं के माध्यम से घरेलू उत्पादन बढ़ाने के प्रयास और सौर, पवन तथा ग्रीन हाइड्रोजन जैसे विकल्पों में निवेश, भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा की दिशा तय करेंगें। आज का भारत 1970 के दशक के संकटग्रस्त भारत से कहीं अधिक सक्षम, सजग और तैयार है। प्रधानमंत्री का आश्वासन इसी बदले हुए परिदृश्य का संकेत है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए भारत ने जमीन के नीचे कच्चे तेल का विशाल भंडार तैयार किया है, जिसे स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व जिसे एसपीआर कहा जाता है। वर्तमान में भारत के पास 53 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा कच्चा तेल सुरक्षित रखा हुआ है। यह भंडार मुश्किल वक्त में देश की लाइफ लाइन साबित हो सकता है। इसके अलावा, सरकार 65 लाख मीट्रिक टन की अतिरिक्त भंडारण क्षमता विकसित करने पर भी तेजी से काम कर रही है। यह सरकारी रिजर्व तेल कंपनियों के पास मौजूद अपने निजी स्टॉक से बिल्कुल अलग है, जो केवल राष्ट्रीय संकट के समय इस्तेमाल के लिए सुरक्षित रखा गया है। संसद में प्रधानमंत्री ने ये भी बताया कि सरकार न केवल मौजूदा स्टॉक को मैनेज कर रही है, बल्कि भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए फर्टिलाइजर और कच्चे तेल के नए स्रोतों की तलाश भी कर रही है। तेल कंपनियों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने पास पर्याप्त बफर स्टॉक बनाए रखें, ताकि किसी भी अल्पकालिक बाधा का असर आम जनता पर न पड़े। आज की वैश्विक परिस्थितियों में किसी भी देश की संप्रभुता उसकी एनर्जी सिक्योरिटी यानी ऊर्जा सुरक्षा पर टिकी है। भारत जिस तरह से अपने पेट्रोलियम रिजर्व को बढ़ा रहा है और नए देशों के साथ व्यापारिक संबंध जोड़ रहा है, वह भविष्य के किसी भी बड़े तेल संकट के खिलाफ एक मजबूत ढाल है। यदि पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ता भी है, तो भारत के पास कई महीने तक देश चलाने के लिए पर्याप्त बैकअप प्लान मौजूद है।

वहीं भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान में पेट्रोलियम की कमी के चलते त्राहि-त्राहि मची हुई है। सरकारी कार्यालय हफ्ते में चार दिन खुल रहे हैं, पेट्रोल पंपों पर लंबी-लंबी कतारें देखी जा रही हैं, वहीं बांग्लादेश में पेट्रोल-डीजल गैस के दाम आसमान छू रहे हैं और जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि भारत में ऐसा कुछ भी नहीं है। अंततः, यह कहना उचित होगा कि इतिहास ने भारत को सावधान रहना सिखाया है और वर्तमान ने उसे सक्षम बनाया है। यदि यही संतुलन-सतर्कता और तैयारी-बनी रहती है तो वैश्विक उथल-पुथल के बीच भी भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को सुरक्षित रखने में हर कीमत पर सफल रहेगा।

विजन

प्रेम प्रकाश



# ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था पर जोर बढ़ा रहा है भारत

स्टैनफोर्ड ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी रिपोर्ट 2025 में एआई प्रतिस्पर्धात्मकता एवं बेहतर इकोसिस्टम के लिहाज से भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है। इसी तरह गिटहब पर एआई परियोजनाओं के मामले में हम दूसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता हैं। इसके आगे के सफर के लिए भी देश पूरी तरह मुस्तैद है। केंद्र सरकार ने इंडिया एआई मिशन के लिए 10,372 करोड़ रुपये के विशाल परिव्यय की घोषणा करके पहले ही साफ कर दिया है कि वह केवल तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि निर्माता बनना चाहता है। अच्छी बात यह है कि तमाम राज्य सरकारों ने खासतौर पर नए वित्तीय वर्ष के लिए अपने बजटीय प्रावधानों में केंद्र के इस विजन को स्थान दिया है। जिस राज्य ने खासतौर पर अपने बजटीय प्रावधानों से चौंकाने का क्रम जारी रखा है, वह है गुजरात। प्रदेश की भूपेंद्र पटेल सरकार ने इस बार के बजट में गिफ्ट सिटी के विस्तार के माध्यम से एआई के क्षेत्र में वैश्विक निवेश आकर्षित करने पर जिस तरह जोर दिया है, वह दिखाता है कि गुजरात का विकास मॉडल भविष्य में सशक्त होने के साथ स्मार्ट भी होगा।

गुजरात ने अपनी नई आईटी और आईटीईएस नीति के तहत एआई परियोजनाओं के लिए विशेष प्रोत्साहन की घोषणा की है। बजट में सेमीकंडक्टर और एआई चिप डिजाइनिंग को लेकर गुजरात को देश का अग्रणी राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। 2014 में तेलंगाना के गठन के बाद हैदराबाद के अलग हो जाने से आंध्र प्रदेश के सामने लगातार यह चुनौती रही है कि अमरावती को वह इस रूप में विकसित करे कि नई राजधानी के साथ एक बड़े आईटी व एआई हब के रूप में भी उसकी पहचान स्थापित हो। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने बजट में अमरावती को भविष्य की एआई राजधानी बनाने का संकल्प व्यक्त किया है। राज्य सरकार ने बजट में कौशल विकास केंद्रों को एआई स्किलिंग लैब में बदलने के लिए विशेष फंड की घोषणा की है। महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्य, जो पहले से ही आईटी हब रहे हैं, उन्होंने अब अपना ध्यान जेनरेटिव एआई पर केंद्रित किया है। कर्नाटक सरकार ने बेंगलुरु को वैश्विक स्तर पर एआई कैपिटल की पहचान दिलाने के लिए बजट में एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के विस्तार का प्रस्ताव दिया है। इसी तरह कर्नाटक के बजट में स्टार्टअप्स के लिए एआई-एज फंड की घोषणा की गई है। वहीं, महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई और पुणे में एआई डेटा केंद्रों के निर्माण के लिए स्टांप ड्यूटी में छूट और बिजली सब्सिडी जैसे बजटीय प्रावधान किए हैं। बात करें देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश की तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने लखनऊ में भारत की पहली एआई सिटी के निर्माण को बजट की सबसे बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश किया है। योगी सरकार को भरोसा है कि राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य में एआई सिटी एक इंजन के रूप में काम करेगी। राज्य सरकार ने नोएडा को एक ग्लोबल डेटा सेंटर हब के रूप में विकसित करने के लिए भी अतिरिक्त बजट दिया है, जो एआई एल्गोरिद्म को प्रोसेस करने के लिए रीढ़ की हड्डी का काम करेगा। यूपी से लगा राज्य है बिहार। यह प्रदेश अब केवल पारंपरिक कृषि या श्रम-आधारित अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि आईटी पॉलिसी 2024 और नई बजट घोषणाओं के बूते वह विकास के साथ प्रशासनिक ढांचे में बड़े सुधार की दिशा में बढ़ना चाहता है। राज्य सरकार ने एआई और मशीन लर्निंग के माध्यम से राज्य के राजस्व संग्रह को पारदर्शी बनाने और बाढ़ प्रबंधन जैसे गंभीर संकटों के समाधान के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए हैं। साथ ही प्रदेश की राजधानी पटना में एक अत्याधुनिक आईटी पार्क और डेटा सेंटर की स्थापना के लिए राशि आवंटित की गई है, जिसका मकसद युवाओं को डेटा एनोटेशन और एआई विकास में रोजगार देना है।



## धन्वंतरि का ध्यान कर स्वास्थ्य के प्रति सचेष्ट रहें



संकलित

दर्शन

धन त्रयोदशी या धनतेरस पर्व की विशेषता यही है कि उस दिन आप यह मानें कि आप जो चाहते हैं, वह धन आपके पास है। केवल सोना-चांदी ही धन नहीं है, ज्ञान भी धन है। यह सबसे बड़ा धन है। आपको अपने ज्ञान को संजोना चाहिए और प्रचुरता का अनुभव करना चाहिए। जीवन में धन्यभागी अनुभव करना, कृतज्ञता का अनुभव करना सबसे बड़ा धन है, जिनमें कृतज्ञता का अभाव होता है, वे धनी नहीं होते हैं। स्वास्थ्य भी धन है। स्वास्थ्य यदि ठीक नहीं, तो भौतिक धन का क्या उपयोग हो सकता है। धन त्रयोदशी देवताओं के वैद्य भगवान धन्वंतरि की जयंती भी है। कहा जाता है कि वह समुद्र मंथन में अमृत का कलश लेकर प्रकट हुए थे। अतः धन त्रयोदशी पर धन्वंतरि का ध्यान कर अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सचेष्ट रहें। योग व ध्यान करें। आपके पास जो मानव शरीर है, यह भी तो ईश्वर का दिया बड़ा उपहार है। यह भी धन है। हमारी चेतना में ऐसा गुण है कि जो बीज आप बोते हैं, वही प्रकट होता है। यदि आप यह सोचें कि वर्तमान में मेरे पास पर्याप्त धन है, तब आप धन के पीछे पागल नहीं होते। जब आप सोचते हैं कि मेरे पास पर्याप्त धन है, चेतना में धैर्य आता है, हिम्मत आती है। कहा गया है, उद्योगिनं पुरुषसिंहमुपैति लक्ष्मीः, जिसका अर्थ है, जो मेहनत करता है और शेर जैसा निर्भय होकर चलता है, लक्ष्मी भी उसी के पास आती हैं। धनतेरस के दिन अपनी चेतना से 'अभाव के भाव' को उखाड़ कर फेंक दीजिए। अपने मन से, 'मैं विपन्न हूं, मैं भिखारी हूं' ये सब बातें हटा दीजिए।

## कभी भी अपने पद और धन का घमंड न करें



संकलित

प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष को एक दिन अपने पद और धन का घमंड हो गया है। इसी घमंड में वे शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी को सपरिवार अपने महल में खाने के लिए निमंत्रण दिया। शिवजी ने कहा कि मैं तो कहीं आता-जाता नहीं हूं, आप एक काम करें, गणेश को अपने साथ ले जाएं। खाने का निमंत्रण पाकर गणेश जी कुबेर के महल पहुंच गए। कुबेर ने उनके लिए बहुत सारा खाना बनवाया। गणेश जी खाने बैठे तो वे खाए जा रहे थे, थोड़ी ही देर में कुबेर की रसोई का पूरा खाना खत्म हो गया। गणेश जी ने और खाना मांगा। कुबेर ये देखकर घबरा गए। गणेश जी बार-बार खाना मांग रहे थे। कुबेर ने गणेश जी के सामने हाथ जोड़ लिए और कहा कि अब तो मेरे घर का सारा खाना खत्म हो गया है। गणेश जी ने कहा कि लेकिन मेरी भूख तो अभी शांत ही नहीं हुई है। मुझे अपने रसोईघर में ले चलो। कुबेर गणेश जी को रसोईघर में ले गए तो वहां रखी सभी चीजें गणेश खा गए। उन्होंने शिव जी को पूरी बात बता दी। शिव जी ने गणेश जी से कहा कि जाओ, माता पार्वती को बुलाकर लाओ। मां पार्वती को देखकर गणेश ने कहा कि मां, कुबेर देव के खाने से मेरी भूख शांत नहीं हुई है। पार्वती अपने रसोईघर में गईं और खाना बनाकर ले आईं। उन्होंने जैसे ही गणेश जी को अपने हाथ से खाना खिलाया तो गणेश तृप्त हो गए। मां और खिलाने लगी तो गणेश जी ने कहा, मां मेरा पेट भर गया है। ये सब देखकर कुबेर देव का घमंड टूट गया और उन्हें अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने सभी से क्षमा मांगी।

## चैती छठ



असम के गुवाहाटी में मंगलवार को 'चैती छठ' त्योहार के दौरान महिलाएं ब्रह्मपुत्र नदी में पूजा-पाठ करती हुईं।

## आज की पाती

### मोदी ने तोड़ा चामलिंग का रिकॉर्ड

भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में कुछ ऐसे क्षण आते हैं जो इतिहास का स्थायी हिस्सा बन जाते हैं। ऐसा ही एक महत्वपूर्ण पड़ाव तब सामने आया जब नरेंद्र मोदी देश में सबसे लंबे समय तक सरकार के प्रमुख रहने वाले नेता बन गए। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री दोनों पदों को मिलाकर 8931 दिनों तक शासन का नेतृत्व करना केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति के बदलते स्वरूप का भी संकेत है। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने पवन कुमार चामलिंग के लंबे समय तक बने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जो स्वयं स्थिर शासन और विकास के प्रतीक माने जाते रहे हैं। नरेंद्र मोदी का यह सफर साधारण परिस्थितियों से शुरू होकर असाधारण ऊंचाइयों तक पहुंचने की कहानी है।

*- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### स्थापना दिवस की बधाई



असम राइफल्स के वीर जवानों, उनके परिवारों को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। वे पूर्वोत्तर के दुर्गम इलाकों में हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं, मानवीय सहायता के माध्यम से समुदायों में विश्वास कायम करते है।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### नारी सशक्तिकरण



प्रत्येक जिले में गर्ल्स हॉस्टल की व्यवस्था का महत्वपूर्ण प्रावधान नारी सशक्तिकरण को नई दिशा प्रदान करेगा और बेटियों को सुरक्षित व बेहतर शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराएगा। विभिन्न योजनाओं तथा वित्तीय समावेशन के ये प्रावधान उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में सशक्त करेंगे।

-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### रानी हाट



दिल्ली में "रानी हाट" स्थापित किए जाएंगे, जहां हमारी बहनें अपने हुनर, अपने उत्पाद और अपने उद्यम को एक सशक्त पहचान दे सकेंगी। सेल्फ हेल्प ग्रुप्स के माध्यम से हर बहन को आत्मनिर्भर बनाने, हर हाथ को सशक्त करने और हर परिवार को संबल देने का यह प्रयास है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### हॉकी एशियन चैंपियनशिप



पंजाब में पहली बार हॉकी एशियन चैंपियनशिप होने जा रही है। इस उपलब्धि के पीछे पंजाब सरकार और सीएम भगवंत मान की कड़ी मेहनत है और इसी मेहनत के दम पर पंजाब अब हर क्षेत्र में अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ रहा है।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

# दक्षिण अफ्रीका के एक प्रांत में हिंदू संगठन की सराहना

दक्षिण अफ्रीका के गौटेंग प्रांत के प्रमुख के कार्यालय ने देश में सामाजिक सामंजस्य व मानवतावाद को बढ़ावा देने में प्रमुख हिंदू संगठन 'एसए हिंदूज' की भूमिका की सराहना की। जोहानिसबर्ग के लीनासिया में आयोजित संगठन के 10वें वार्षिकोत्सव समारोह के मौके पर उसकी यह सराहना की गई। गौटेंग के प्रमुख पनयाजा लेसुफी का प्रतिनिधित्व करने वाले एक प्रतिनिधिमंडल ने 'एसए हिंदूज' की संस्थापक पंडिता लूसी की भूमिका की भी प्रशंसा की और बताया कि उनकी योजनाएं प्रशासन की योजनाओं से मेल खाती हैं। लेसुफी खुद इस समारोह में शामिल नहीं हो सके।



## ऑफ बीट

# मनुष्य मृत्यु के बाद के जीवन से आकर्षित रहा

जैसे-जैसे हैलोवीन करीब आता है, हम भूतों, राक्षसों और पिशाचों के बारे में सोचना शुरू कर देते हैं। लेकिन मृत्यु के बाद के जीवन और दूसरी दुनिया के प्रति आकर्षण कोई नई बात नहीं है: दुनिया भर की भूत की कहानियां साबित करती हैं कि यह प्रागैतिहासिक काल से मानव अनुभव का हिस्सा रहा है। 5,000 साल पहले लेखन के आविष्कार से पहले भी, मनुष्यों को उन सामानों के साथ दफनाया जाता था जो उनके बाद के जीवन में उपयोगी हो सकते थे, जैसे पीने के बर्तन या हथियार। यद्यपि प्रागैतिहासिक कब्र के सामान के अर्थ के बारे में कुछ बहस है, मेसोपोटामिया के भूत विशेषज्ञ इरविंग फिंकेल दृढ़ता से तर्क देते हैं



## संक्षेप

### पुलिस ने दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

**शंकरगंज में चोरी की योजना बना रहे थे, हथियार व उपकरण बरामद**

अमेठी , पुलिस ने चोरी की योजना बनाते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारियां मोहनगंज थाना क्षेत्र में की गईं। पुलिस ने इनके पास से तमंचा, जिंदा कारतूस और चोरी करने के उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी के निर्देश पर चलाए जा रहे 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' के तहत पुलिस को यह सफलता मिली। मुखबिर की सूचना पर मोहनगंज पुलिस ने दो सगे भाइयों भारत पुत्र जग प्रसाद और उमेश पुत्र जग प्रसाद, दोनों निवासी मेधौना को गिरफ्तार किया ।गिरफ्तार चोरों के पास से एक तमंचा, 315 बोर के दो जिंदा कारतूस, एक रस्सा और लोहे की सब्बल बरामद हुई ।पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे अपने दो अन्य साथियों, लल्लन पुत्र नन्हें (निवासी पूरे दान वैश्य मजरे मेढ़ौना, मोहनगंज) और शिवा कुमार पुत्र राम चन्दर (निवासी पूरे निरहीं मजरे लखना बसन्तपुर, जामों) के साथ मिलकर शंकरगंज कस्बे की दुकानों में चोरी करने की योजना बना रहे थे मोहनगंज पुलिस बरामदगी और गिरफ्तारी के संबंध में आगे की कानूनी कार्यवाही कर रही है।

### अवैध खनन पर कार्रवाई के बाद हंगामा

**ट्रक सीज किया, 4 पर मुकदमा दर्ज**

अमेठी , अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान एक बड़ा विवाद सामने आया है। ककवा रोड पर बिना वैध कागजात मिट्टी ले जा रहे एक ट्रक को सीज करने के बाद कुछ लोगों ने अधिकारियों को धमकी दी और उन पर दबाव बनाने का प्रयास किया। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह घटना 18 मार्च की रात करीब 11:45 बजे हुई, जब खनन विभाग की टीम ने ट्रक संख्या यूपी 32 एसटी 6101 को रोका। जांच के दौरान ट्रक में लगभग 8 घन मीटर साधारण मिट्टी लदी पाई गई। चालक वैध प्रपत्र (ईएमएम-11) या खनन अनुमति से संबंधित कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। दस्तावेज न मिलने पर टीम ने वाहन को अवैध परिवहन मानते हुए उसे पुलिस अभिरक्षा में दे दिया। आरोप है कि कार्रवाई के कुछ देर बाद एक कार से कुछ लोग मौके पर पहुंचे और ट्रक को छोड़ने के लिए दबाव बनाने लगे। इस दौरान अधिकारियों को फोन पर एक व्यक्ति से बात कराई गई, जिसने गाली-गलौज करते हुए धमकी दी। बाद में, आरोपी थाना कोतवाली अमेठी भी पहुंचे और वहां भी हंगामा करते हुए ट्रक छोड़ने का दबाव बनाया। इस मामले में भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय अयोध्या के परिवर्तन अधिकारी अनंत कुमार सिंह की तहरीर पर पुलिस ने बृजेश कुमार द्विवेदी, लाखन लाल द्विवेदी, करन वर्मा और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इन पर शासकीय कार्य में बाधा, धमकी और अभद्र व्यवहार सहित विभिन्न धाराओं में आरोप लगाए गए हैं। थाना प्रभारी रवि सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# कैसरगंज में जंगली जानवर का हमला: युवक घायल, इलाके में हाई अलर्ट

**बहबनान पुरवा गांव में दोपहर 3 बजे की घटना**

**एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर लिया जायजा**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज क्षेत्र के ग्राम बहबनानपुरवा में जंगली जानवर के हमले से सनसनी फैल गई। दोपहर करीब 3 बजे हुए इस हमले के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना लगभग साढ़े 3 बजे प्रशासन को दी गई, जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल देखा गया। हमले में राकेश कुमार (पुत्र जानकी प्रसाद), उम्र 25 वर्ष, घायल हो गए। उनके कमर पर जानवर के दांत के गहरे निशान हैं, जबकि जांघ पर पंजों और नाखून के चोट के स्पष्ट निशान पाए गए हैं। घायल युवक को तुरंत सीएचसी कैसरगंज में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार जारी है। डॉक्टरों के अनुसार फिलहाल उनकी स्थिति सामान्य और खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह स्वयं मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभागों को सतर्क रहने और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। हमले के बाद पूरे क्षेत्र में हाई अलर्ट जैसा माहौल है। ग्रामीणों में भय व्याप्त है और लोग सतर्कता बरतते हुए समूह में ही बाहर निकल रहे हैं। वन विभाग की टीम से तेंदुए को जल्द ट्रैक कर पकड़ने की मांग तेज हो गई है, ताकि क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# चैत्र नवरात्रि का हर्षोल्लास के साथ समापन, भंडारे का आयोजन



अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल मुख्यालय स्थिति अगैय्या (नानपारा) के प्रांगण में चल रहे चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व का पूर्ण श्रद्धा, उल्लास एवं आध्यात्मिक गरिमा के साथ समापन हुआ। विदित हो कि इस पुनीत अनुष्ठान का शुभारंभ बीते 19 मार्च को पूर्ण विधि-विधान पूर्वक कलश स्थापना के साथ किया गया था। ?नवरात्रि पर्व के समापन अवसर पर पंकज कुमार ठाकुर द्वितीय कमान अधिकारी (कार्यवाहक कमांडेंट) 59वीं वाहिनी की गरिमामयी उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पूर्ण विधि-विधान के साथ पूणार्हुति, वृहद हवन एवं विशेष पूजन अनुष्ठान संपन्न किया गया। पूजन के उपरांत माँ भवानी के आशीर्वाद स्वरूप वाहिनी के समस्त कार्मिकों एवं उनके परिजनों हेतु एक विशाल भंडारे (सामूहिक प्रीतिभोज) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वाहिनी के सभ अधिकारीगण, अधीनस्थ कार्मिकों एवं परिजनों ने पूर्ण निष्ठा एवं उत्साहपूर्वक सम्मिलित होकर माता का प्रसाद ग्रहण किया। इस सामूहिक आयोजन से संपूर्ण प्रांगण का वातावरण अत्यंत भक्तिमय एवं ऊर्जायुक्त हो गया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया डा. सर्वेश शुक्ला का जन्मदिन

अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा

बहराइच। जिले के वरिष्ठ सर्जन एवं एसकेएस ग्रुप आफ इंस्टीट्यूटशंस सबलापुर के चेयरमैन डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ला का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के मनाया गया। इस अवसर पर संस्था और अस्पताल परिसर में एक सादगीपूर्ण लेकिन उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें फैकल्टी सदस्यों, डॉक्टरों, छात्र-छात्राओं व अस्पताल कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान केक काटकर जन्मदिन की खुशियां साझा की गईं और सभी ने डॉ. सर्वेश शुक्ला को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व और कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संस्था लगातार प्रगति कर रही है तथा मरीजों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। इस दौरान आयुर्वैदिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ सतीश चंद्र तिवारी, फामेर्सी के प्राचार्य डॉ अशोक त्रिपाठी, नर्सिंग प्राचार्या डॉ के. रोजा रानी, डायरेक्टर पल्लवी शुक्ला, प्रशासनिक प्रबंधक विनोद कुमार, मैनेजर आस्था शुक्ला, डा. शैलेन्द्र श्रीवास्तव, पीआरओ गौरव पांडेय, डा. शैलेन्द्र श्रीवास्तव समेत सभी ने उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीघार्यु जीवन की कामना की।



# एटीएम लूटने की कोशिश, सीसीटीवी तोड़ा

**अमेठी में छेनी-हथौड़ी से काटा, फुटेज में दो संदिग्ध कैद**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी , गौरीगंज स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम बूथ में रात लूट का प्रयास किया गया। बदमाशों ने पहले सीसीटीवी कैमरे को क्षतिग्रस्त किया और फिर छेनी-हथौड़ी से एटीएम मशीन को काटने की कोशिश की। हालांकि, वे नकदी निकालने में सफल नहीं हो पाए और मौके से फरार हो गए। सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले मकान मालिक मेहंदी हसन ने एटीएम बूथ को क्षतिग्रस्त देखा। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना बैंक शाखा प्रबंधक जितेंद्र कुमार को दी। जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। बैंक कर्मियों और पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और आसपास के लोगों से पूछताछ की। सूत्रों के अनुसार, मौके से छेनी और हथौड़ी बरामद हुई है, जिनका उपयोग मशीन काटने के लिए किया गया था। मशीन के बाहरी हिस्से को नुकसान पहुंचा है, लेकिन नकदी सुरक्षित बताई जा रही है। बैंक के मुख्य द्वार पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में दो संदिग्ध आते-जाते दिखाई दिए हैं। हालांकि, बूथ के अंदर लगे कैमरे को बदमाशों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था, जिससे पूरी घटना रिकॉर्ड नहीं हो सकी। पुलिस आसपास के अन्य कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। बैंक प्रबंधन के अनुसार, एटीएम की सुरक्षा और निगरानी का जिम्मा एनसीआर कंपनी के पास है



# युवक हत्या में पुलिस की फाइनल रिपोर्ट रद्द

**सुल्तानपुर में कोर्ट ने पिता की अर्जी पर अग्रिम विवेचना का आदेश दिया**

अमन लेखनी समाचार


सुलतानपुर, एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस की फाइनल रिपोर्ट को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) नवनीत सिंह ने रद्द कर दिया है। कोर्ट ने इस मामले में अग्रिम विवेचना का आदेश दिया है। यह आदेश मृतक के पिता की अर्जी पर दिया गया है। अधिवक्ता जितेंद्रनाथ मिश्र मन्नू के अनुसार, मोतिगरपुर थाने के मुड़हा ढेमा गांव निवासी हरीश के बेटे पवन कुमार को 17 नवंबर 2025 को गांव के सुरजीत कुमार, सतीश कुमार, सत्यम, शैलेंद्र कुमार और सिजय अपने साथ बुलाकर ले गए थे। उन्होंने खरसोमा में जन्मदिन पार्टी में शामिल होकर शाम को लौटने की बात कही थी। रात में पवन के वापस न लौटने पर उसके छोटे भाई अमन ने फोन पर जानकारी लेनी चाही, लेकिन कोई सूचना नहीं मिली। अगले दिन पवन के जिला अस्पताल में भर्ती होने की खबर मिली, जहां उसकी मौत हो गई थी।मृतक के पिता हरीश ने सुरजीत कुमार, सतीश कुमार, सत्यम, शैलेंद्र कुमार और सिजय के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। हालांकि, विवेचना के बाद पुलिस ने आरोपितों को क्लीनचिट देते हुए फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी। वादी मुकदमा हरीश ने कोर्ट में इस रिपोर्ट का विरोध किया। उनके अधिवक्ता जितेंद्र नाथ मिश्र और अतुलित प्रताप सिंह ने तर्क दिया कि पुलिस ने मामले में सही विवेचना नहीं की है और विवेचक ने सरसरी तौर पर जांच कर फाइनल रिपोर्ट दाखिल कर दी थी। इन दलीलों को सुनने के बाद सीजेएम ने गोसाईंगंज एसओ को मामले में अग्रिम विवेचना करने का आदेश दिया है।



# पेट्रोल-डीजल किल्लत की अफवाह

**लोग गैलन-ड्रम लेकर पहुंचे, जिला पूर्ति अधिकारी ने कहा- स्टॉक है पर्याप्त**

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर, जिले में पेट्रोल और डीजल की कमी की अफवाहों पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिला पूर्ति अधिकारी (डीएसओ) जीवेश मौर्या ने स्पष्ट किया कि जिले में ईंधन का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और जनता को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। पिछले कुछ दिनों से इन अफवाहों के कारण शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ देखी जा रही थी। दोस्तपुर ब्लॉक से ऐसी तस्वीरें भी सामने आईं, जहां लोग ड्रम और गैलन लेकर पेट्रोल-डीजल खरीदने पहुंच रहे थे, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। पेट्रोल पंपों पर बढ़ती भीड़ और जनता के बीच मची घबराहट के बाद जिला प्रशासन सक्रिय हो गया। जिला पूर्ति अधिकारी जीवेश मौर्या ने एक आधिकारिक बयान जारी कर स्थिति स्पष्ट की। जीवेश मौर्या ने कहा- जनपद सुल्तानपुर में वर्तमान में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। किसी भी भ्रामक सूचना और अफवाह पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि कार्यालय की ओर से एक कंट्रोल नंबर जारी किया गया है, जिस पर उपभोक्ता अपनी समस्या बता सकते हैं और प्रशासन तत्काल उसका निवारण कर रहा है। डीएसओ ने आगे स्पष्ट किया कि विभिन्न तेल कंपनियां सुचारू रूप से ईंधन की आपूर्ति सुनिश्चित कर रही हैं।

# गैस एजेंसियों ने बिना होम डिलीवरी वसूले पैसे

**अमेठी में लाखों उपभोक्ताओं से वसूली, डीएम ने दिए जांच के आदेश**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी, गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं से बिना होम डिलीवरी दिए ही पैसे वसूलने का मामला सामने आया है। खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के बाद गैस की किल्लत की आशंका के चलते बड़ी संख्या में लोग सिलेंडर लेने एजेंसियों पर उमड़ पड़े थे। इस स्थिति का फायदा उठाते हुए एजेंसी संचालकों ने होम डिलीवरी शुल्क सहित पूरी कीमत वसूल ली, जबकि सिलेंडर एजेंसी से ही दिए गए। जिलाधिकारी (डीएम) ने मामले की जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं। एक अनुमान के मुताबिक, एजेंसी संचालक होम डिलीवरी के नाम पर रोजाना करीब दो लाख रुपये की कमाई कर रहे हैं। पिछले लगभग 15 दिनों से जिले में गैस सिलेंडर की किल्लत बनी हुई है, जिसके चलते उपभोक्ता सिलेंडर के लिए एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें लगा रहे हैं। जिले में कुल 4 लाख 41 हजार 48 गैस उपभोक्ता के अलावा उज्ज्वला योजना के तहत लगभग 1 लाख 50 हजार उपभोक्ता शामिल हैं। सामान्य दिनों में प्रतिदिन 5600 से 6000 सिलेंडर एजेंसियों पर आते हैं। एक सिलेंडर की कीमत 967 रुपये है, जिसमें होम डिलीवरी शुल्क भी शामिल होता है। डिलीवरी चार्ज 27 रुपये से अधिक है, जिसे बिना सेवा दिए ही वसूला जा रहा है। इस तरह, पिछले 15 दिनों में 30 लाख रुपये से अधिक की वसूली का अनुमान है। पूरे मामले पर जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि यदि सिलेंडर की डिलीवरी उपभोक्ता के दरवाजे पर नहीं की जाती है, तो डिलीवरी चार्ज नहीं लिया जाएगा। यदि उपभोक्ता स्वयं एजेंसी से सिलेंडर लेता है, तो उसे डिलीवरी शुल्क नहीं देना है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कहीं भी ऐसा होता है, तो जांच करवाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अपर जिलाधिकारी (एडीएम) की अध्यक्षता में एक टीम गठित की गई है।

# रामनवमी शोभायात्रा पर विवाद

**नए रास्ते की अनुमति न मिलने पर थाने पर हंगामा, बाजार बंद का ऐलान**

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ , रामनवमी पर निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर आयोजक और प्रशासन आमने-सामने आ गए हैं। प्रशासन ने श्री दुर्गा महारानी शोभायात्रा के मार्ग में बदलाव की अनुमति देने से इनकार कर दिया। इसके विरोध में देर रात थाना देहलीगेट पर प्रदर्शन हुआ। प्रशासन के रुख से नाराज आयोजकों ने बुधवार को शहर के मुख्य बाजार बंद रखने का फैसला किया है। शोभायात्रा हर साल पारंपरिक मार्ग कनवरीगंज से कटरा होकर निकलती है। आयोजकों का कहना है कि कटरा की गलियां काफी संकरी हैं, जहां आपात स्थिति में एंबुलेंस या फायर ब्रिगेड पहुंचना मुश्किल है। साथ ही लटकते और जर्जर बिजली के तार हादसे का कारण बन सकते हैं। समिति चाहती है कि यात्रा अब्दुल करीम चौराहा और सब्जी मंडी जैसे चौड़े रास्तों से निकाली जाए। 45 सदस्यों ने सामूहिक इस्तीफा दियाप्रशासन द्वारा नए मार्ग की अनुमति न देने और नोटिस जारी करने से नाराज श्री दुर्गा महारानी मंदिर सेवा समिति की पूरी कार्यकारिणी ने इस्तीफा दे दिया। इनमें अध्यक्ष अखिल मांगलिक, संरक्षक व पूर्व मेयर शकुंतला भारती, मंत्री अरुण कुमार, कोषाध्यक्ष निर्मल कुमार और उपाध्यक्ष अखिलेश चंद्र वार्ष्णेय समेत कुल 45 सदस्य शामिल हैं। समिति का कहना है कि यदि प्रशासन सुरक्षा की गारंटी नहीं देता, तो वे किसी अनहोनी की जिम्मेदारी लेकर शोभायात्रा नहीं निकालेंगे। भाजपा नेता भी मैदान मेंविवाद में भाजपा नेता भी शामिल हो गए हैं। रात थाने के घेराव के दौरान पूर्व मेयर शकुंतला भारती और पूर्व महानगर अध्यक्ष विवेक सारस्वत ने विरोध दर्ज कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन हिंदू समाज की भावनाओं की अनदेखी कर रहा है ।पांच बड़े व्यापारिक क्षेत्र रहेंगे बंदविरोध के समर्थन में पांच बड़े व्यापारिक क्षेत्रों में बंद का आह्वान किया गया है। कनवरीगंज और कटरा पूरी तरह बंद रहेंगे। इसके अलावा महावीरगंज, बड़ा बाजार और रेलवे रोड के बाजार भी बंद रहेंगे। एडीएम सिटी किंशुक श्रीवास्तव ने कहा कि शोभायात्रा हमेशा जिस मार्ग से निकलती है, उसी की अनुमति दी जाएगी। नई परंपरा शुरू नहीं की जा सकती। उनका कहना है कि संवेदनशील इलाकों में नया रूट देने से सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने का खतरा रहता है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरकारी सामान ले जाते पकड़ी गई

**शाहजहांपुर में ग्रामीणों ने वीडियो वायरल कर कुर्सी-टेबल वापस लौटवाया**

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर , जलालाबाद ब्लॉक के सराय साधौ गांव में एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को सरकारी सामान घर ले जाते हुए ग्रामीणों ने रंगे हाथों पकड़ा। ग्रामीणों द्वारा वीडियो वायरल करने के बाद कार्यकर्ता को सामान वापस केंद्र में लौटाना पड़ा ।कार्यकर्ता किरन देवी केंद्र से कुर्सी-टेबल और अन्य सामान एक ई-रिक्शा में लादकर ले जा रही थीं। वीडियो में किरन देवी ने दावा किया कि वह स्थानांतरण के कारण सामान अपने निजी उपयोग के लिए ले जा रही थीं। ग्रामीणों ने इसे सरकारी संपत्ति की चोरी बताते हुए कड़ा विरोध किया। ग्रामीणों ने तर्क दिया कि यह सामान बच्चों की पढ़ाई और बाल-चौपाल के लिए है, न कि किसी की निजी संपत्ति। उन्होंने स्टॉक रजिस्टर की जांच की मांग भी की। बढ़ते विरोध के कारण, किरन देवी को ई-रिक्शा से सारा सामान उतरवाकर वापस केंद्र में रखवाना पड़ा। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि किरन देवी पहले भी इसी केंद्र पर तैनात रहते हुए बच्चों का पोषाहार बेचने के आरोप में पकड़ी जा चुकी हैं। ग्रामीणों ने अपनी सतर्कता के कारण केंद्र का सामान चोरी होने से बचाने का दावा किया। प्रशासन ने इस मामले का संज्ञान लिया है। जलालाबाद ब्लॉक के सीडीपीओ उत्तम कुमार ने शुक्रवार दोपहर 3 बजे बताया कि सूचना मिलते ही सुपरवाइजर को मौके पर भेजा गया था और सामान को केंद्र पर व्यवस्थित करवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि केंद्र पर स्टॉक सूची का मिलान किया जाएगा और संबंधित कार्यकर्ता से लिखित स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे आंगनबाड़ी केंद्रों में सरकारी संपत्ति के प्रबंधन पर सवाल उठने लगे हैं। इस संबंध में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सराय साधौ गांव निवासी किरन देवी ने शुक्रवार दोपहर 3:40 बजे बताया कि गांव के लोग उन्हें परेशान करने के लिए निराधार आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण केंद्र को खुला नहीं छोड़ते हैं, इसलिए उन्हें सामान ले जाना पड़ा।

# बिजली विभाग के जेई और एसडीओ समेत 10 पर मुकदमा

**हाईटेंशन लाइन से झुलस गया था बच्चा, काटना पड़ा था हाथ**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़, फतनपुर क्षेत्र में विद्युत विभाग की लापरवाही से एक 8 वर्षीय बालक गंभीर रूप से झुलस गया। मकान की छत के ऊपर से गुजर रहे 11000 वोल्ट के तार की चपेट में आने से बालक का दाहिना हाथ काटना पड़ा। इस मामले में पीड़ित की तहरीर पर बिजली विभाग के जेई, एसडीओ समेत 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। यह घटना ग्राम करका में 11 मार्च 2026 को सुबह हुई। तेजबहादुर पुत्र शीतला प्रसाद का 8 वर्षीय नाबालिग पुत्र प्रतीक सरोज अनजाने में मकान की छत पर चला गया। छत के पास से गुजर रहे बिजली के तार में करंट प्रवाहित हो रहा था, जिसकी चपेट में आने से प्रतीक गंभीर रूप से झुलस गया ।परिजनों के अनुसार, दिसंबर 2025 में विद्युत विभाग द्वारा तेजबहादुर के मकान के ऊपर से 11000 वोल्ट का तार खींचा गया था। उस समय परिवार ने संभावित दुर्घटना की आशंका जताते हुए इसका विरोध किया था। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार से तार हटाने की मांग भी की थी, लेकिन उनकी शिकायत को नजरअंदाज कर दिया गया। हादसे के बाद प्रतीक को तत्काल सीएचसी गौरा ले जाया गया, जहां से उसे प्रयागराज रेफर कर दिया गया। वर्तमान में बालक का इलाज प्रयागराज स्थित जीवन ज्योति हॉस्पिटल में चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, करंट लगने से शरीर में संक्रमण फैल गया था, जिसके कारण उसका दाहिना हाथ काटना पड़ा। बालक की स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है।

# चौकी इंचार्ज ने पीड़ित के साथ की बदसलूकी

**चोरी की शिकायत करने पहुंचे पीड़ित फटकार कर भगाया, एसपी ने किया लाइन हाजिर**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , पट्टी क्षेत्र में पुलिस के कथित दुर्व्यवहार का एक मामला सामने आया है। पृथ्वीगंज चौकी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें चौकी इंचार्ज एक पीड़ित के साथ अभद्र व्यवहार करते और उसे चौकी से बाहर निकालते हुए दिख रहे हैं। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। वीडियो सामने आने के बाद एसपी ने चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर कर दिया है। जानकारी के अनुसार, दुर्गेश शर्मा अपनी पत्नी के साथ चोरी की शिकायत पर कार्रवाई की जानकारी लेने चौकी पहुंचे थे। आरोप है कि जब उन्होंने अपने मामले की प्रगति के बारे में पूछताछ की, तो चौकी इंचार्ज ने उनकी बात सुनने के बजाय उनके साथ बदसलूकी की। पीड़ित दुर्गेश शर्मा का कहना है कि चौकी इंचार्ज ने उन्हें धक्का देकर चौकी से बाहर निकाल दिया। उनका यह भी आरोप है कि पुलिस पहले से ही उनके चोरी के मामले में जांच के नाम पर टालमटोल कर रही थी। दोबारा जानकारी लेने पहुंचने पर उन्हें सहयोग के बजाय अपमानित किया गया। वायरल वीडियो में चौकी इंचार्ज का व्यवहार स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है, जो पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। यह घटना पुलिस और आम जनता के बीच भरोसे के रिश्ते को भी प्रभावित करती है ।इस पूरे मामले का वीडियो वायरल होने के बाद प्रतापगढ़ के पुलिस अधीक्षक (रढ) ने घटना का संज्ञान लिया है। उन्होंने तत्काल प्रभाव से मामले की जांच के आदेश दिए हैं। अब देखना होगा कि जांच के बाद दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है।

## संक्षेप

### चेकिंग में युवक गिरफ्तार, अवैध तमंचा बरामद

**बागपत पुलिस ने की कार्रवाई, मेरठ निवासी आरोपी हिरासत में**

बागपत , कोतवाली पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग कर रही थी, तभी एक युवक को रोककर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान युवक के पास से एक अवैध .315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी की पहचान मेरठ के हिमायू नगर, लोहिया नगर निवासी इकराम पुत्र बिलाल के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे तत्काल हिरासत में लेकर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी से पूछताछ जारी है। पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि वह यह अवैध हथियार कहां से लाया था और उसका क्या उद्देश्य था। साथ ही, यह भी जांच की जा रही है कि आरोपी किसी आपराधिक गिरोह से जुड़ा है या नहीं। पुलिस ने बताया कि जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने की उम्मीद है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

### गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं का हंगामा

**सिलेंडर वितरण में अव्यवस्था से मची अफरा-तफरी**

बागपत , शक्ति गैस एजेंसी पर बुधवार को गैस सिलेंडर लेने पहुंचे उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सिलेंडर वितरण में अव्यवस्था के कारण लोगों में आक्रोश देखा गया, और पर्ची लेने के दौरान धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई।कस्बा टटीरी निवासी उपभोक्ता आकाश गोयल ने बताया कि उन्होंने पांच दिन पहले गैस सिलेंडर की बुकिंग कराई थी। वह सुबह करीब आठ बजे एजेंसी के बाहर लाइन में लग गए थे, लेकिन इसके बावजूद उन्हें सिलेंडर नहीं मिल सका।गोयल के अनुसार, एजेंसी लगभग नौ बजे खुली। इसके बाद पीछे खड़े कुछ लोग अचानक आगे आ गए, जिससे पर्ची लेने को लेकर हंगामा शुरू हो गया। स्थिति धीरे-धीरे बिगड़ती चली गई और उपभोक्ताओं के बीच धक्का-मुक्की होने लगी।मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि एजेंसी पर उचित व्यवस्था न होने के कारण ऐसी स्थिति अक्सर बन जाती है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि समय पर गैस सिलेंडर न मिलने से उनके घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहे हैं, जिससे एजेंसी के प्रति नाराजगी बढ़ रही है।

### सीसीएसयू के उर्दू विभाग में राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

**देशभर के विद्वानों ने रखे विचार, धार्मिक संवाद और भाईचारे को मजबूत करने पर जोर**

मेरठ , चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग में मंगलवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें धर्म, साहित्य और समाज के विभिन्न पहलुओं पर गहन मंथन हुआ। कार्यक्रम में देशभर से आए विद्वान, शोधार्थी और प्रख्यात वक्ताओं ने सहभागिता की। संगोष्ठी का मुख्य विषय धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता पर केंद्रित रहा।

# अफवाहों के चलते पेट्रोल के लिए मारामारी, प्रशासन बोला-कमी नहीं

## प्रयागराज में पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़, कई जगह स्टॉक खत्म

**अमन लेखनी समाचार**



प्रयागराज ,संगम नगरी में पेट्रोल और डीजल को लेकर मची अफरातफरी थमने का नाम नहीं ले रही है। लगातार तीसरे दिन भी शहर के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें देखने को मिलीं। हालात ऐसे हैं कि कई जगहों पर लोगों के बीच पेट्रोल भरवाने को लेकर धक्का-मुक्की और मारामारी जैसी स्थिति बन गई शहर के सिविल लाइंस, खुल्दाबाद, नैनी और झूंसी समेत कई इलाकों में पेट्रोल पंपों पर सुबह से ही भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लोग अपने वाहनों के साथ-साथ डिब्बों और कैनों में भी पेट्रोल भरवाते नजर आए। अचानक बढ़ी इस मांग के चलते कई पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल पूरी तरह खत्म हो गया, जिसके कारण संचालकों को अस्थायी रूप से पंप बंद करने पड़े।बताया जा रहा है कि पेट्रोल-डीजल की कमी और कीमतों में कई गुना बढ़ोतरी की अफवाहों ने लोगों में घबराहट पैदा कर दी है। इसी वजह से लोग जरूरत से ज्यादा ईंधन भरवाने के लिए पंपों पर टूट पड़े हैं। हालांकि जिला प्रशासन ने इन सभी अफवाहों को पूरी तरह निराधार बताया है। प्रशासन का कहना है कि जिले में पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है और सप्लाई सुचारू रूप से जारी है। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और पैनिक में आकर पेट्रोल पंपों पर भीड़ न लगाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईंधन की कोई कमी नहीं है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। प्रशासन ने यह भी चेतावनी दी है कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, पुलिस और प्रशासनिक टीमों को पेट्रोल पंपों पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात किया गया है, ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था को रोका जा सके। फिलहाल, प्रशासन की अपील के बावजूद लोगों की भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है, जिससे शहर में स्थिति सामान्य होने में समय लग सकता है।

# दोस्त को बचाने में 4 लड़के डूबे, मौत

## मरने वालों में 2 सगे भाई; मां बोली- मेरा सब कुछ बर्बाद हो गया

**अमन लेखनी समाचार**




प्रयागराज, गंगा नदी में नहाते समय 4 बच्चे डूब गए। दोस्तों को डूबता देखकर दूसरे बच्चे उन्हें बचाने के लिए कूदे। इस दौरान एक-एक कर सभी डूबने लगे और गहरे पानी में समा गए। शोर सुनकर आसपास के गोताखोर पहुंचे और बच्चों को बचाने के लिए नदी में छलांग लगा दी। पहले 2 बच्चों के शव बाहर निकाले गए। करीब 3 घंटे चले रेस्क्यू के बाद बाकी 2 बच्चों की डेडबॉडी बरामद की गई। मरने वालों की पहचान कुनाल (13), निहाल (10), ऋषभ (10) और दीपक (17) के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर परिवारवालों के साथ पूरे गांव के लोग गंगा किनारे पहुंच गए। घटना शुक्रवार सुबह साढ़े 10 बजे मांडा थाना क्षेत्र की है। मरने वालों में दो सगे भाई बामपुर गांव के रहने वाले अनिल कुमार के दो बेटे कुनाल और निहाल, राजाराम का बेटा दीपक, कमलेश कुमार का बेटा ऋषभ नहाते समय डूब गए। दोस्तों के साथ नहाने आए 7वीं के छात्र अमन ने बताया- गांव के कुल 9 लड़के नहाने पहुंचे थे। सभी एक साथ नहा रहे थे। इसी बीच कान्हा और निहाल डूबने लगे। दोस्त को डूबता देखकर हम सभी उन्हें बचाने के लिए उनकी तरफ गए। इसके बाद हम लोग डूबते चले गए। मेरे साथ निहाल, कुनाल, छोटे, दीशू, मोहित, दिवांशु, दीपक, कान्हा पहुंचे थे। वहीं, कुनाल और निहाल की मां ने कहा कि मेरे घर के दो चिराग चले गए। मेरा सब कुछ बर्बाद हो गया एसडीएम और एसीपी मौके पर पहुंचे मेजा एसडीएम सुरेंद्र प्रताप यादव, मेजा एसीपी एसपी उपाध्याय, प्रभारी थाना निरीक्षक माधव प्रसाद त्रिपाठी और भारतगंज चौकी प्रभारी सुभाष सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाया और आर्थिक मदद दिलवाने का आश्वासन दिया।

# चाइनीज मांझे से युवक की गर्दन कटी

**गहरा घाव हुआ, 22 टांके लगे; सामान लेकर घर लौट रहे थे**

**अमन लेखनी समाचार**

मेरठ ,चाइनीज मांझे से एक बाइक सवार युवक की गर्दन कट गई। खून से लथपथ युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने उसकी गर्दन पर 22 टांके लगाए हैं। युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।घटना रात हापुड़ रोड पर हुई। युवक बाइक से कुछ सामना लेने गया था। लौटते समय चाइनीज मांझे की चपेट में आ गया।



गला कटा, सड़क पर गिरी बाइक अहमद नगर के रहने वाले दानिश मंगलवार रात में अपनी बाइक से हापुड़ अड्डे पर सामान लेने गए थे। सामान लेकर घर लौटते समय तिरंगा गेट के पास अचानक चाइनीज मांझा उनके गले में फंस गया। इससे पहले कि दानिश कुछ समझ पाते, उनकी गर्दन पर गहरा घाव हो गया और बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल दानिश को उठाकर शास्त्री नगर स्थित अर्जुन अस्पताल पहुंचाया। इस दौरान तिरंगा गेट पर कुछ देर के लिए यातायात भी बाधित रहा। पावरलूम मशीन चलाने का काम करते अस्पताल में डॉक्टरों ने दानिश की गर्दन पर 22 टांके लगाए हैं। वह पावरलूम मशीन चलाने का काम करते हैं। मेरठ में तमाम दावों और निदेर्शों के बावजूद चाइनीज मांझे से होने वाली घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। इस घटना के बाद एक बार फिर शहर में चाइनीज मांझे की बिक्री और उपयोग पर सख्ती से रोक लगाने की मांग उठने लगी है।

# तीन एलपीजी गैस एजेंसी मालिकों पर मुकदमा दर्ज

**गैस की किल्लत दिखाकर अनैतिक गतिविधि में थे संलिप्त, शिकायत पर डीएम ने मारा छापा**

**अमन लेखनी समाचार**

मेरठ , तीन एलपीजी गैस एजेंसी संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया है। जिला आपूर्ति विभाग को इन एजेंसियों के खिलाफ शिकायत मिली थी। जिला आपूर्ति अधिकारी विनय कुमार सिंह ने छापा मारा तो आरोप सही पाए गए। डीएम को रिपोर्ट भेजी गई, जिनके आदेश पर मुकदमा दर्ज करा दिया गया। जिला पूर्ति अधिकारी का कहना है कि कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।



### पहले एक नजर पूरे मामले पर

मेरठ में एलपीजी गैस की किल्लत का शोर है। इसका कुछ एजेंसी संचालक लाभ उठाते हुए अनैतिक गतिविधियों में शामिल हो रहे थे। जिला आपूर्ति अधिकारी विनय कुमार सिंह के पास कुछ एजेंसियों से जुड़ी शिकायत पहुंची। उन्होंने टीम का गठन किया और एजेंसियों पर छापे की कार्रवाई के आदेश जारी कर दिए। टीम ने शहर की दो और देहात की एक गैस एजेंसी पर छापा मारकर मनमानी पकड़ ली।

एजेंसी नंबर 1 -

छापे की पहली कार्रवाई किठौर के ललियाना स्थित आलम इण्डेन ग्रामीण वितरक एजेंसी पर हुई। टीम को सूचना मिली थी कि यहां के सिलेंडर दिल्ली बेचे गए हैं। टीम ने जांच की जिसमें 48 भरे हुए गैस सिलेंडर कम मिले। मैनेजर मुजीबुर रहमान से जब रिकॉर्ड मांगा गया तो वह दिखाने में असमर्थ रहे।

एजेंसी नंबर 2 -

छापे की दूसरी कार्रवाई टीपी नगर क्षेत्र अंतर्गत स्थित आभा गैस एजेंसी पर हुई। इस एजेंसी के प्रबंधक अभिषेक हैं। डीएसओ को शिकायत मिली थी की यह एजेंसी उपभोक्ताओं से 910 रुपए के स्थान पर 1185 रुपए वसूल रही है। छापे के दौरान शिकायत सही पाई गई। खास बात यह थी कि यहां भी एजेंसी संचालक के पास सेल-परचेस का कोई रिकॉर्ड नहीं था।

एजेंसी नंबर 3 -

जिला पूर्ति कार्यालय की टीम ने छापे की तीसरी कार्रवाई कंकरखेड़ा क्षेत्र अंतर्गत स्थित सद्भावना गैस एजेंसी पर की। यहां शिकायत मिली थी की होकर सिलेंडर की डिलीवरी के लिए घर जा रहे थे लेकिन ओटीपी लेने के बाद डिलीवरी नहीं दे रहे थे। उस सिलेंडर की डिलीवरी ब्लैक में कहीं और की जा रही थी। लगभग 70 पर्ची ऐसी विभाग की टीम द्वारा पकड़ी गई थी।

# बेहसूमा में शहीद स्मारक के पास शराब ठेका

**ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन, बड़े आंदोलन की चेतावनी**

**अमन लेखनी समाचार**




मेरठ , कस्बे में शहीद स्मारक और मंदिर के पास शराब का ठेका खोले जाने के विरोध में ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने ठेके को आबादी क्षेत्र से हटाने की मांग करते हुए बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। ग्रामीणों के अनुसार, यह शराब का ठेका बहसूमा कस्बे के मैन रोड कैलाशपुरी में स्थित है। यह आबादी क्षेत्र में है और इसका आवंटन नियमों के विरुद्ध हुआ है। ठेके के ठीक पीछे जहार दीवान का मंदिर है, जहां महिलाएं और श्रद्धालु रोजाना पूजा-अर्चना के लिए आते हैं। इसके बराबर में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा (स्मारक) भी है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेके के कारण क्षेत्र का माहौल खराब हो गया है। शराब पीने वाले लोग अक्सर झगड़ा करते हैं, गाली-गलौज करते हैं, सार्वजनिक स्थानों पर पेशाब करते हैं और घर की लड़कियों व महिलाओं के साथ बदतमीजी करते हैं। इससे बच्चों पर भी गलत प्रभाव पड़ रहा है और सामाजिक ताना-बाना बिगड़ रहा है। प्रदर्शन करने वालों में नरेश सिंघल, महेश सिंघल, बिट्टू अहलावत, धीरज अहलावत, लोकेन्द्र मास्टर, जितेन्द्र, सतेन्द्र, ज्ञानेन्द्र, सचिन, निखिल, दिवस, मोहित, सोनू, मोनू, साधना, नीतू सहित बहसूमा के कई निवासी शामिल थे। उन्होंने जिलाधिकारी से ठेके को तत्काल अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की अपील की।

# इच्छामृत्यु के बाद हरीश राणा का अंतिम संस्कार

**पिता हाथ जोड़कर बोले- कोई रोना मत; अंगदान से 6 को नई जिंदगी मिलेगी**

**अमन लेखनी समाचार**




गाजियाबाद , इच्छामृत्यु पाने वाले गाजियाबाद के हरीश राणा का अंतिम संस्कार हो गया। दिल्ली के ग्रीन पार्क श्मशान घाट में सुबह 9.40 बजे छोटे भाई आशीष ने मुखाग्नि दी। इससे पहले, हरीश का पार्थिव शरीर श्मशान घाट लाया गया। पिता अशोक राणा (62) ने बेटे हरीश को आखिरी बार प्रणाम किया। पिता ने रोते हुए लोगों से हाथ जोड़कर कहा- 31 साल के हरीश ने कल यानी 24 मार्च को दिल्ली एम्स में अंतिम सांस ली थी। वे 13 साल से कोमा में थे। डॉक्टर्स के मुताबिक परिवार ने हरीश के फेफड़े, दोनों किडनी और कॉर्निया दान किया है। इससे 6 लोगों को नया जीवन मिलने की उम्मीद है। हरीश को एम्स में पैसिव यूथेनेशिया दिया गया। इसका मतलब होता है कि किसी गंभीर रूप से बीमार मरीज को जिंदा रखने के लिए जो बाहरी लाइफ सपोर्ट या इलाज दिया जा रहा है, उसे रोक दिया जाए या हटा लिया जाए, ताकि मरीज की प्राकृतिक रूप से मौत हो सके।सुप्रीम कोर्ट ने हरीश को 11 मार्च को इच्छामृत्यु की इजाजत दी थी। यह देश का पहला मामला है, जिसमें किसी को इच्छामृत्यु दी गई थी। हरीश को 14 मार्च को गाजियाबाद वाले घर से दिल्ली एम्स में शिफ्ट किया गया। 16 मार्च को हरीश की फीडिंग ट्यूब (खाने की नली) हटा दी थी।नंगे पैर खड़ी रहीं। इस दौरान वह रोए जा रही थीं।

हरीश राणा की ये तस्वीर 14 मार्च की है। ब्रह्मकुमारी लवली ने टीका लगाकर उन्हें घर से एम्स ले जाने के लिए विदाई दी थी। कहा था- ह्यसबको माफ करते हुए और सबसे माफी मांगते हुए जाओ... ।हरीश राणा की ये तस्वीर 14 मार्च की है। ब्रह्मकुमारी लवली ने टीका लगाकर उन्हें घर से एम्स ले जाने के लिए विदाई दी थी। कहा था- ह्यसबको माफ करते हुए और सबसे माफी मांगते हुए जाओ... हरीश हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिरे, तब से बिस्तर पर थे दिल्ली में जन्मे हरीश राणा चंडीगढ़ की पंजाब यूनिवर्सिटी से बीटेक की पढ़ाई कर रहे थे। 2013 में वह हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिर गए। इसकी वजह से उनके पूरे शरीर में लकवा मार गया और वह कोमा में चले गए। वह न कुछ बोल सकते थे और न ही महसूस कर सकते थे। डॉक्टर्स ने हरीश को क्वाड्रिप्लेजिया बीमारी से पीड़ित करार दिया था। इसमें मरीज पूरी तरह से फीडिंग ट्यूब यानी खाने-पीने की नली और वेंटिलेटर सपोर्ट पर निर्भर रहता है।

# पेंशनर्स फेडरेशन ने भेदभावपूर्ण वित्त विधेयक के खिलाफ प्रदर्शन किया

## प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए एक्ट रद्द करने की मांग

**अमन लेखनी समाचार**




मेरठ ,ऑल इंडिया स्टेट पेंशनर्स फेडरेशन ने भारत सरकार द्वारा पारित एक वित्त विधेयक के विरोध में प्रदर्शन किया। संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति जनपद मेरठ के तत्वाधान में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जिलाधिकारी मेरठ के माध्यम से इस अधिनियम को समाप्त करने हेतु एक ज्ञापन सौंपा गया उत्तर प्रदेश के विभिन्न विभागों के पेंशनर्स और कार्यरत कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया। जनपद संयोजक इंजीनियर ए.के. कौशिक ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा बनाया गया यह अधिनियम उसे पेंशनर्स के बीच भेदभाव करने का अधिकार देता है। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम सरकार की उस नीति के विरुद्ध है जिसके तहत सभी नागरिकों को न्याय और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने का संकल्प लिया गया है। कौशिक ने आगे बताया कि इस अधिनियम के प्रावधानों से 1 जनवरी 2026 से पहले सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स को अपूरणीय क्षति होने की संभावना है। उन्होंने याद दिलाया कि सातवें वेतन आयोग ने भी 1 जनवरी 2016 से पहले और उसके बाद सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स के बीच समानता की सिफारिश की थी, जिसे तत्कालीन सरकार ने लागू किया था। ज्ञापन के माध्यम से इस अधिनियम को तत्काल वापस लेने की मांग की गई है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षण संघ के अध्यक्ष श्याम सिंह नागर ने एक अन्य मुद्दा उठाया। उन्होंने अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों, कार्यरत प्राथमिक शिक्षकों, शिक्षा मित्रों और यहां तक कि अशासकीय शिक्षकों को भी कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करा दी है, लेकिन सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षकों को अभी तक यह सुविधा नहीं मिली है। उन्होंने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षकों को भी कैशलेस चिकित्सा प्रदान करने हेतु ज्ञापन देने की बात कही।

# ग्रेटर नोएडा में मंदिर की मूर्ति खंडित

**ग्रामीणों का हंगामा, युवक पर आरोप; पुलिस जांच में जुटी**

**अमन लेखनी समाचार**



जेवर , ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के रीलखा गांव में एक प्राचीन मंदिर में देवी मां की मूर्ति खंडित किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने गांव के ही एक युवक पर मूर्ति तोड़ने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। बताया गया कि मंगलवार रात अज्ञात परिस्थितियों में मंदिर में स्थापित देवी मां की मूर्ति को नुकसान पहुंचाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि आरोपी युवक ने मूर्ति तोड़ने के साथ ही हिंदू देवी-देवताओं के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी और गाली-गलौज भी की। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और विरोध जताया।घटना के बाद ग्रामीणों का एक समूह देर रात दनकौर कोतवाली पहुंचा और आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत दी। शिकायतकताओं में अमित, प्रदीप, प्रशांत, अरुण, सोनू, नवीन, वरुण, विकास और पवन समेत कई ग्रामीण शामिल रहे। उन्होंने पुलिस से आरोपी की गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।ग्रामीणों ने कहा कि इस घटना से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं और गांव की शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

# शेयर मार्केट में 3.26 करोड़ रुपये की ठगी

**एक शातिर साइबर अपराधी नोएडा से गिरफ्तार, दो फोन बरामद**

**अमन लेखनी समाचार**




नोएडा , गौतमबुद्धनगर पुलिस के साइबर क्राइम थाने ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 3.26 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने वाले एक शातिर साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को नोएडा से पकड़ा गया है और उसके पास से दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि यह गिरफ्तारी साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बिहार के पूर्णिया जिले के निवासी बन्टी कुमार पुत्र कमल देव पोद्दार के रूप में हुई है। उसके खिलाफ नोएडा के साइबर क्राइम थाने में पहले से ही एक मामला दर्ज है। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी और उसके गिरोह के सदस्य व्हाट्सएप और फोन कॉल के माध्यम से लोगों को शेयर मार्केट में निवेश का लालच देते थे। वे फर्जी प्लेटफॉर्म का उपयोग कर बड़े मुनाफे का झांसा देकर पीड़ितों से मोटी रकम ठगते थे। पुलिस ने तकनीकी जांच और स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर संदिग्ध मोबाइल नंबरों को ट्रैक कर आरोपी को पकड़ापुलिस के अनुसार, आरोपी के बैंक खाते में ठगी से संबंधित लगभग 60 लाख रुपये के लेनदेन की पुष्टि हुई है। इस खाते के खिलाफ एनसीआरपी पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज है।

# मेट्रो स्टेशन पर युवती ने ट्रैक पर लगाई छलांग

**पुलिस ने गंभीर हालत में भर्ती कराया, सेक्टर-16 में कुछ देर प्रभावित रहीं सेवाएं**

**अमन लेखनी समाचार**



नोएडा , सेक्टर-16 मेट्रो स्टेशन पर एक युवती के मेट्रो ट्रैक पर कूदने से हड़कंप मच गया। दोपहर को घटना के बाद स्टेशन पर मौजूद यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गंभीर रूप से घायल युवती को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक, घटना थाना फेज-1 क्षेत्र के सेक्टर-16 मेट्रो स्टेशन की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवती अचानक प्लेटफॉर्म से नीचे ट्रैक पर कूद गई। घटना होते ही मेट्रो स्टाफ ने तुरंत अलर्ट जारी किया और ट्रेनों की आवाजाही को कुछ समय के लिए रोक दिया गया, ताकि राहत और बचाव कार्य किया जा सके। युवती की शिनाख्त की जा रहीसूचना मिलते ही थाना फेज-1 पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस और मेट्रो कर्मचारियों की मदद से युवती को ट्रैक से बाहर निकाला गया। इसके बाद उसे तत्काल पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों की टीम उसका इलाज कर रही है। युवती की हालत गंभीर बताई जा रही है।फिलहाल युवती की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस उसके पास मिले सामान और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि उसकी पहचान की जा सके और घटना के कारणों का पता लगाया जा सके।

# मिशन शक्ति के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित

## महिला सुरक्षा, सम्मान एवं साइबर जागरूकता को लेकर सोनभद्र पुलिस की प्रभावी पहल

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों–जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य–पर विशेष रूप से जागरूकता प्रदान की गई। इस क्रम में विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों एवं विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी तथा डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।

महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरः

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में एक दूजे के हुए 324 जोड़ों

अमन लेखनी समाचार



चोपन/सोनभद्र। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गुरुवार को रेलवे फुटबॉल मैदान, चोपन में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन के कुशल पर्यवेक्षण में कुल 324 जोड़ों का विवाह उनके धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराया गया, जिसमें 322 हिन्दू एवं 2 मुस्लिम जोड़े शामिल रहे। विकास खंडवार भागीदारी में चोपन से 77, कोन से 65, दुद्धी से 68, म्योरपुर से 59 तथा बभनी से 55 पात्र जोड़े शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम के दौरान वैवाहिक रस्में विधि-विधान से संपन्न कराई गईं और समारोह स्थल पर उत्सव जैसा माहौल बना रहा। कार्यक्रम में समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव गोड़, अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार, जिला पंचायत सदस्य मोहन कुशवाहा सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), जिला विकास अधिकारी, विभिन्न खंड विकास अधिकारी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी समेत अन्य अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। शासनादेश के अनुसार प्रति जोड़े पर एक लाख रुपये की सहायता निर्धारित है। इसमें 60 हजार रुपये डीबीटी के माध्यम से कन्या के खाते में भेजे जाएंगे, जबकि 25 हजार रुपये की वैवाहिक सामग्री जैसे पायल, बिछिया, वस्त्र, बिस्तर, डिनर सेट एवं सीलिंग फैन प्रदान किए गए। शेष 15 हजार रुपये आयोजन व्यवस्था पर व्यय किए गए। इस अवसर पर बिरला कार्बन, रेनुकूट द्वारा भी नवविवाहित जोड़ों को उपहार सामग्री वितरित की गई। साथ ही नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सेल्फी प्वाइंट बनाकर जनजागरूकता फैलाने के साथ समाज कल्याण विभाग की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। यह आयोजन आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए एक बड़ी सहायता साबित हुआ, जिससे सैकड़ों परिवारों को सामाजिक और आर्थिक राहत मिली तथा क्षेत्र में इस पहल की व्यापक सराहना की जा रही है। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख लीला देवी, नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली, मंडल अध्यक्ष संजय केशरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, प्रदीप अग्रवाल, राजन जायसवाल, विकास चौबे, राहूल सिंह, मीनू चौबे, सोनी रावत, शबनम मिश्रा, धर्मशिला देवी, धर्मेंद्र जायसवाल, आचार्य पं दिलीप पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा सहित भारी संख्या में लोग बाग मौजूद रहे संचालन मंडल महामंत्री विकास चौबे ने किया

# रामनवमी पर खडौरा में धूमधाम से मनाया गया राम जन्मोत्सव

अमन लेखनी समाचार



गरौठा। तहसील क्षेत्र के ग्राम खडौरा स्थित श्री श्री 1008 श्री राम जानकी कछरा मंदिर में रामनवमी के पावन पर्व पर राम जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ज्योतिष विशेषज्ञ आचार्य कौशल किशोर मिश्रा शास्त्री (गरौठा) के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक पूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पं. धर्म प्रकाश मिश्रा शास्त्री एवं मुख्य यजमान पीयूष मिश्रा (खडौरा) द्वारा पूजा-अर्चना की गई। मंदिर के पुजारी मनीष मिश्रा की देखरेख में पूरा आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान श्रद्धालु भक्तों ने भगवान श्रीराम की स्तुति कर भक्ति भाव से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख भक्तों में ध्रुव कुमार मिश्रा (गरौठा), पंडित बालादीन मिश्रा (पूर्व अध्यापक), श्रीकांत मिश्रा, रामगोपाल मिश्रा, मनीष मिश्रा, डालचंद्र, महेंद्र सेन, भल्लू परिहार, राजकुमारी मिश्रा, गिरजा मिश्रा, शीला मिश्रा (गरौठा), रामकुमारी मिश्रा एवं ख्याति मिश्रा (झांसी) सहित अनेक श्रद्धालु शामिल रहे।

# एडीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक हुई आयोजित

संत कबीर नगर, जिलाधिकारी आलोक कुमार के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) चंद्रेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। अपर जिलाधिकारी द्वारा बैठक में जिला स्तर पर विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों, स्वास्थ्य संकेतकों की अद्यतन स्थिति एवं प्रगति पर बिंदुवार समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा एजेंडा बिंदु सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की अद्यतन स्थिति एवं लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति से अगवत कराया गया। अपर जिलाधिकारी ने स्वास्थ एवं चिकित्सा सहित सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में कदापि लापरवाही न बरती जाए, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का रूटीन टीकाकरण, बच्चों में कुपोषण के स्थिति की जांच आदि की विभागीय स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए।

# पिकअप से कुचलकर युवक की हत्या, परिजनों ने दो अन्य युवकों को पीट-पीटकर मार डाला, ट्रिपल मर्डर से हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

हरदोई, जिले के सुरसा थाना क्षेत्र के ढोलिया गांव में शुक्रवार को दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया जिसमें तीन लोगों की मृत्यु हो गई ।एक युवक को पिकअप डाला चढ़ाकर कुचलकर मार दिया गया जिसके बाद जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने दो लोगों लोगों को लाठी डंडे से पीटा जिसमे एक ने मौके पर दूसरे ने अस्पताल में दम तोड़ दिया ।ट्रिपल मर्डर की सूचना पर एसपी मौके पर पहुंचे ।एसपी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एएसपी के नेतृत्व में चार टीमें लगाई गई है गांव में पीएसी व कई थानों की फोर्स तैनात की गई है। बताया जाता है कि सुरसा थाना क्षेत्र के ढोलिया में देवी सहाय और दूसरे पक्ष के अमन व शिवम के बीच गुरुवार रात कन्नौज के मानीमऊ में भूसा ले जाते समय विवाद हुआ था और इसी विवाद में आज देवी सहाय जब खेत पर बैठे थे तो शिवम व अमन ने पिकअप वाहन से देवी सहाय को टक्कर मार दी जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई देवी सहाय की मृत्यु की सूचना मिलते ही परिजनों और अन्य लोगों ने अमन और उसके साथी शिवम को घेर लिया। इस दौरान हुए संघर्ष में लाठी-डंडों का प्रयोग किया गया। गंभीर चोटों के कारण अमन की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि शिवम ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया ।सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा एएसपी मार्तण्ड प्रकाश सिंह सीओ सिटी अंकित मिश्रा पीएसी व भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा बल तैनात किया गया है ।एसपी ने बताया कि मामले में आवश्यक विधिक कार्यवाई की जा रही है।

# बिजली के शॉर्ट सर्किट से खेत में लगी भीषण आग, 4 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक

अमन लेखनी समाचार



गरौठा। तहसील क्षेत्र के ग्राम बंगरा में शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां बिजली के तार में हुए शॉर्ट सर्किट के कारण एक किसान के खेत में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आकर किसान की लगभग 4 बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बंगरा निवासी किसान मुलायम पुत्र पृथ्वीराज ने अपने खेत में गेहूं की फसल बोई थी, जिसकी कटाई का कार्य चल रहा था। शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे अचानक बिजली के तार में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे निकली चिंगारी ने खेत में आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड व तहसील प्रशासन को दी गई। फायर स्टेशन गरौठा से मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक किसान की पूरी फसल जलकर राख हो चुकी थी। सूचना मिलते ही डिप्टी कलेक्टर सुनील कुमार मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर पीड़ित किसान को हर संभव सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरजीत सिंह, पीआरबी से एसआई सुदामा प्रसाद, सब कमांडर गौतम कुमार, चालक बैकुंठ नारायण शर्मा तथा फायर सर्विस इंचार्ज जगदीश प्रसाद अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

# रामनवमी पर प्रसाद वितरण एवं शहीद द्वार उद्घाटन कार्यक्रम संपन्न



अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव

गरौठा। तहसील क्षेत्र के ग्राम ठर्रो स्थित बरियाई माता मंदिर परिसर में शुक्रवार को रामनवमी के पावन अवसर पर प्रसाद वितरण एवं शहीद बलराम सिंह स्मृति द्वार के उद्घाटन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आर.पी. निरंजन (एमएलसी प्रतिनिधि) उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में शत्रुघ्न सिंह परिहार (जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ककरबई), पुष्पेंद्र सिंह पटेल भड़ोकर एवं स्वतंत्र रिछारिया सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक एवं ग्राम प्रधान पुष्पेंद्र सिंह परिहार द्वारा सभी अतिथियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इसके पश्चात शहीद बलराम सिंह स्मृति द्वार का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर विनय सिंह (क्षेत्र पंचायत सदस्य) सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# कचीर गांव में रामनवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



अमन लेखनी समाचार

कचीर। ककरवई क्षेत्र के ग्राम कचीर में रामनवमी का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांव के मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा। चैत्रीय नवरात्रि के दौरान नौ दिनों तक श्रद्धालुओं ने माता रानी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। नवरात्रि की प्रथम तिथि पर भक्तों द्वारा अपने-अपने घरों में बोए गए जवारे का नवमी के दिन बड़ी माता मंदिर में विधिपूर्वक विसर्जन किया गया। इस दौरान ग्राम की महिलाओं ने सिर पर खप्पर रखकर पूरे गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु देवी गीत और भजन गाते हुए आगे बढ़ रहे थे, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। ग्राम भ्रमण के पश्चात बड़ी माता मंदिर परिसर में जवारे का विसर्जन किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

# 5वीं पुण्यतिथि के अवसर पर छोटे भाई को याद कर दी श्रद्धांजलि!

अमन लेखनी समाचार



हरदोई। शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व लखनऊ विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व महामंत्री अनिल सिंह वीरू के छोटे भाई स्मृति शेष श्री राजीव सिंह रिंकू बाबा की 5वीं पुण्यतिथि पर निज निवास पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद भंडारा आयोजित कर राहगीरों और साधु संतों को प्रसाद वितरित किया गया। सबसे पहले हवन पूजन सम्पन्न हुआ। इसके बाद श्री सिंह ने अपने पिता नरेन्द्र सिंह अटिया, छोटे भाई सुनील सिंह, संजीव सिंह सोनू, बेटी देवशी सिकरवार व भतीजे शौर्य वर्धन सिकरवार अन्य परिजनों के साथ अपने भाई स्व. राजीव सिंह रिंकू के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नम आंखों से याद किया। इसके बाद कन्याभोज आयोजित कर कन्याओं को दान दक्षिणा दी गई। भंडारे में राहगीरों और साधु संतों को प्रसाद वितरित किया गया। सपा के वरिष्ठ नेता श्री सिंह ने कहा कि जीवन में व्यक्ति तो नहीं रहता लेकिन उसकी यादें हमेशा जीवित रहती हैं। कहा कि उनके छोटे भाई स्व. राजीव सिंह रिंकू हमेशा उनके और सभी परिवारीजनों के दिलों में जिंदा रहेंगे। इसके वाद स्व. राजीव सिंह के चित्र पर गणमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी यादें साझा कीं। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में श्री राजकुमार सिंह, पंडित अनन्त कुमार मिश्रा, कमलेश सिंह, शिव शंकर वैश्य सुबोध सिंह, प्रमोद सिंह, मनोहर सिंह, शेर सिंह, मदन मोहन सिंह, राकेश सिंह राजपूत, पंकज सिंह, उमेश सिंह नीरू, सौरभ सिंह, उदय राज शुक्ला भानु, रमेश चंद्र मिश्रा आशीष कुमार सिंह, मदनपाल, दृग पाल, अरविंद कुमार, आशीष कुमार पांडे, अनूप कुमार पांडे, विमल कुमार सिंह, ललित दीपक, पप्पू, अंकित, श्यामू, सुनील सिंह, दिलीप सिंह, सरदार अंग्रेज सिंह, बंटी सिंह आदि उपस्थित रहे।

# हरदोई में सपा नेता के वायरल वीडियो पर बवाल, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार



हरदोई। जनपद में समाजवादी पार्टी (सपा) से जुड़े नेता यदुनंदन लाल वर्मा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद विवाद गहरा गया है। वीडियो में भगवान श्रीराम और माता कौशल्या को लेकर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने का आरोप है, जिससे लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि वीडियो में प्रयुक्त भाषा बेहद अशोभनीय बताई जा रही है। इसे लेकर आमजन के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। हालांकि वायरल वीडियो की सत्यता और उसके संदर्भ की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है, फिर भी मामला संवेदनशील बना हुआ है। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, हरपालपुर क्षेत्र में तैनात एक दरोगा की ओर से कार्रवाई शुरू की गई, जबकि शहर कोतवाली में भी तहरीर दी गई है। इसके बाद पुलिस ने जांच प्रक्रिया तेज कर दी है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इधर, घटना के विरोध में शहर कोतवाली के बाहर लोगों की भीड़ जुट गई, जहां जमकर नारेबाजी की गई। विरोध प्रदर्शन में कुछ राजनीतिक कार्यकर्ता भी शामिल नजर आए। प्रदर्शनकारियों ने आरोपित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कड़ी सजा देने की बात कही। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर राजनीतिक हलकों में भी चर्चा तेज हो गई है। विभिन्न पक्षों द्वारा इसे अलग-अलग नजरिए से देखा जा रहा है। जहां एक ओर इसे धार्मिक भावनाओं से जुड़ा गंभीर मामला बताया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर कुछ लोग इसे राजनीतिक दृष्टिकोण से भी जोड़कर देख रहे हैं। फिलहाल पुलिस प्रशासन का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और सभी तथ्यों के आधार पर ही आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# एसपी ने हरी झंडी दिखाकर शुरूआत की मैराथन दौड़ की

अमन लेखनी समाचार



हरदोई। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेस 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, द्वारा ल्लफ४ल्ल ङ्म१ ऐस्त्रङ्गद्मीरशैल्ल३ह्ण मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह दौड़ रिजर्व पुलिस लाइन हरदोई से प्रारंभ होकर अंबेडकर पार्क तक निकाली गई, जिसमें महिला पुलिस कर्मियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूकता फैलाना तथा लोगों को इस दिशा में संवेदनशील बनाना था। मैराथन के दौरान प्रतिभागियों द्वारा जन-जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें विभिन्न संदेशों के माध्यम से नारी सशक्तिकरण, शिक्षा, सुरक्षा और समान अधिकारों को बढ़ावा देने की अपील की गई। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी, क्षेत्राधिकारी नगर एवं क्षेत्राधिकारी हरपालपुर सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण भी मौजूद रहे और उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। अधिकारियों ने बताया कि मिशन शक्ति के तहत इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि महिलाएं खुद को सुरक्षित और सशक्त महसूस कर सकें। कार्यक्रम में प्रतिभागियों का उत्साह देखने लायक रहा और पूरे मार्ग में नारी सुरक्षा झ्र हमारी जिम्मेदारीह्ण जैसे नारों के साथ जागरूकता का संदेश प्रसारित ।

# गोरखपुर में पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य, प्रशासन सतर्क

गोरखपुर। जनपद में पेट्रोल-डीजल को लेकर फैली अफवाहों के बीच जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने स्पष्ट किया है कि जिले में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और जरूरत के अनुसार ही ईंधन भरवाएं। प्रशासन की सक्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि तहसील स्तर पर टीमें लगातार पेट्रोल पंपों का निरीक्षण कर रही हैं। जहां कहीं भी पेट्रोल या डीजल खत्म होने की सूचना मिल रही है, वहां तहसील प्रशासन तुरंत पहुंचकर स्टॉक की जांच कर रहा है। यदि किसी पंप पर ईंधन की कमी पाई जाती है, तो तत्काल टैंकर मंगाकर आपूर्ति बहाल कराई जा रही है, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# रामनवमी पर गिद्धवासिनी माता मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, भंडारा आयोजित

अमन लेखनी समाचार



गरौठा। क्षेत्र स्थित लखेरी नदी के तट पर बने प्राचीन मां गिद्धवासनी मंदिर में रामनवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही भक्त माता रानी को जल चढ़ाने और दर्शन करने के लिए मंदिर पहुंचते रहे। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया। मंदिर कमेटी द्वारा सुबह से ही कन्या भोज का आयोजन किया गया। कमेटी के सदस्यों ने छोटी-छोटी कन्याओं का तिलक कर उनके पैर धोए और उन्हें प्रसाद वितरित किया। भंडारा देर शाम तक जारी रहने की जानकारी दी गई। निपान, दुरखुरू, गरौठा सहित आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर में दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। दर्शन के बाद श्रद्धालु भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए भी इंतजार करते नजर आए। मंदिर के पुजारी अलका प्रकाश मिश्रा ने विधि-विधान से माता रानी की पूजा-अर्चना कराई और श्रद्धालुओं को तिलक लगाकर प्रसाद वितरित किया। भीड़ को देखते हुए गरौठा कोतवाली पुलिस व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर तैनात रही। इस दौरान मंदिर समिति के बाबू लखेर, प्रदीप चढ़ा, गोविंद नारायण गुप्ता, भैया अग्रवाल, रंजन गिरी, राजदीप बुंदेला, मानवेंद्र बुंदेला, मनीष निषाद, राजीव सचिता, सचिन बंदेरिया, मुन्नू पाठक, राज बुंदेला और लोकेन्द्र सिंह परिहार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

रोचक / शिखर चंद जैन

# मूर्ख बनाने वाले ये पशु-पक्षी



बच्चो, इंसान ही नहीं पशु-पक्षी भी मूर्ख बनाने में पीछे नहीं होते। ये इतनी चालाकी से मूर्ख बनाते हैं कि कुछ आभास ही नहीं होता। पशु-पक्षी कभी अपने फायदे के लिए, कभी शिकार करने के लिए तो कभी अपनी जान बचाने के लिए दूसरे जंतुओं को मूर्ख बनाते हैं। अप्रैल फूल-डे के मौके पर हम तुम्हें मूर्ख बनाने वाले कुछ पशु-पक्षियों के बारे में बता रहे हैं।

## कोयल कौवे को बनाती है मूर्ख

**मादा कोयल** बड़ी चतुर होती है। वह खुद घोंसला नहीं बनाती, चुपके से जाकर कौवे के घोंसले में अंडे दे आती है। चतुर कहलाने वाला कौवा, कोयल के इस कारनामे के आगे मात खा जाता है। कौवा, कोयल के अंडों को अपने अंडे समझकर सेता है, उसकी देखभाल करता है।दरअसल, कोयल के अंडे भी आकार और प्रकार में बिल्कुल कौवे के अंडे जैसे दिखते हैं। इस तरह कोयल, कौए को 'मूर्ख' बनाकर अपने अंडों की देखभाल करवा लेती है। *

## किलडियर ड्रामेबाजी में माहिर



**किलडियर मुख्य** रूप से उत्तरी, मध्य और दक्षिणी अमेरिका के खुले, घास वाले मैदानों, खेतों, गोल्फ कोर्स और जल निकायों के किनारे पाए जाते हैं। ये कनाडा, संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको और कैरिबियन कंट्रीज में भी बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। यह प्लोवर प्रजाति का एक तटीय पक्षी है, जो जमीनी इलाकों में रहता है। जब कोई शिकारी, जैसे- कुत्ता, लोमड़ी या इंसान इसके जमीनी घोंसले के करीब आता है, तो मादा या नर किलडियर घोंसले से दूर जाकर जमीन पर लेट जाता है। यह अपने पंख को इस तरह फैलाता और फड़फड़ाता है, जैसे कि पंख टूट गया हो। यही नहीं ड्रामेबाज किलडियर लंगड़ाकर चलने लगता है और दर्द भरी आवाजें भी निकालने लगता है। यह सब देखकर शिकारी को लगता है कि यह पक्षी घायल हो गया है, इसे पकड़ना आसान है। जैसे ही शिकारी, इस पक्षी का पीछा करते हुए घोंसले से काफी दूर चला जाता है, किलडियर फुर्र से उड़ जाता है। कभी-कभी तो ये चतुर पक्षी शिकारी को भ्रमित करने के लिए किसी खाली जगह पर ऐसे बैठ जाता है, जैसे वहां उसका घोंसला हो, ताकि असली घोंसला सुरक्षित रहे। *

## ऑक्टोपस मिमिक्री से देता है धोखा



**ऑक्टोपस एक** समुद्री जंतु है। यह अपनी त्वचा का रंग और बनावट बदलने में माहिर होता है। यह मुख्य रूप से दक्षिण-पूर्व एशिया में, विशेषकर इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप के पास के समुद्रों में पाया जाता है। ऑक्टोपस इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के उथले, रेतीले और कीचड़ भरे पानी में रहने वाला एक अनूठा समुद्री जंतु है, जो 15 से अधिक समुद्री जीवों की मिमिक्री यानी नकल करने की क्षमता रखता है। कलाकार प्रकृति का यह ऑक्टोपस समुद्र के अन्य खतरनाक जंतुओं जैसे लॉयन फिश या समुद्री सांपों की नकल कर लेता है। यह अपनी एक्टिंग इस आधार पर चुनता है कि सामने कौन-सा शिकारी है, ताकि उसे डरा सके। इस तरह शिकारी को धोखा देकर अपनी जान बचा लेता है। *

## एंग्लर फिश टॉर्चनुमा अंग देता है चकमा



**एंग्लर फिश** मुख्य रूप से अटलांटिक और अंटार्कटिक महासागरों के बहुत गहरे और ठंडे पानी में पाई जाती है। यह मछली समुद्र की सतह से लगभग 600 मीटर से लेकर 8,370 मीटर (27,500 फीट से अधिक) की गहराई में रहती है। एंग्लर फिश दुनिया के सबसे अंधेरे और गहरे समुद्री इलाकों में रहने वाली एक रहस्यमयी मछली है। गहरे समुद्र के अंधेरे में रहने वाली इस मछली के सिर पर एक चमकता हुआ टॉर्चनुमा अंग होता है। छोटी मछलियां जब इस रोशनी को भोजन समझकर पास आती हैं, तब एंग्लर फिश तुरंत उन्हें निगल लेती है। *

## फोर्क-टेल्ड ड्रोंगो झूठा अलार्म बजाकर चुराता है खाना




**फोर्क-टेल्ड** ड्रोंगो पक्षी, मुख्य रूप से अफ्रीका में सहारा मरुस्थल के दक्षिण में पाया जाता है। यह पक्षी खुले घास के मैदानों, झाड़ियों और हल्के घने वनों में रहता है। यह पक्षी अपनी गहरी कटी हुई पूंछ और निडर स्वभाव के लिए जाना जाता है। फोर्क-टेल्ड ड्रोंगो दूसरे जानवरों, जैसे कि मीयरकैट्स के खतरे वाली आवाजों की नकल करता है। जब मीयरकैट्स अपना खाना जुटा लेते हैं, तो ड्रोंगो झूठा अलार्म बजाता है। डर के मारे मीयरकैट्स अपना खाना छोड़कर भाग जाते हैं और फिर ड्रोंगो उसे चुराकर अपना पेट भर लेता है। *

छोटी कहानी

एक ठग ने अपने तोते को बस एक शब्द बोलना सिखाया था-यकीनन। इस शब्द के जरिए ठग ने एक युवक को ऐसा मूर्ख बनाया कि बेचारा हजार अशर्फियां गंवा बैठा। पढ़ो, बहुत ही मजेदार कहानी।

# ठग का तोता



एक ठग के पास एक तोता था। उसने उसे सिर्फ एक ही शब्द बोलना सिखाया था-यकीनन। वह उस तोते के साथ एक गांव में आया। रात को उसने एक जगह एक छोटे से बक्से में सोने के सिक्के भरकर गाड़ दिए। अगले दिन वह फिर तोते के साथ वहां पहुंचा और उससे बातें करने लगा। उत्सुकतावश लोग वहां इकट्ठा होने लगे।

ठग ने तोते से पूछा, 'क्या तुम मुझे गड़े खजाने का पता बता सकते हो?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

उसने रात वाली जगह की ओर इशारा करके पूछा, 'अगर मैं वहां खोदूं तो क्या खजाना मिल सकता है?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

उसने खुदाई की तो लोग देखकर हैरान रह गए कि वहां वाकई खजाना निकला। यह सब देखकर एक लालची युवक ने उस ठग से पूछा, 'क्या वह तोता बेचेगा?'

ठग बोला, 'हां, बेच सकता हूं, लेकिन एक हजार अशर्फियों से कम नहीं लूंगा।'

युवक ने तोते का इतना अधिक दाम सुनकर पूछा, 'इतना ज्यादा?'

ठग बोला, 'तुम तोते से पूछ लो।'

युवक ने तोते से पूछा, 'क्या तुम इस लायक हो कि तुम्हारे लिए एक हजार अशर्फियां दी जाएं?'

तोते ने झट से उत्तर दिया, 'यकीनन।' युवक ने उस तोते को खरीद लिया। एक हजार अशर्फियां लेकर ठग अपने रास्ते चला गया।

युवक ने घर आकर तोते से पूछा, 'मुझे कहां खजाना मिलेगा?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

उसकी समझ में कुछ नहीं आया तो उसने एक जगह की ओर इशारा करके पूछा, 'क्या वहां खोदने पर खजाना मिल सकता है?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

युवक ने खोदा तो वहां कुछ नहीं निकला। वह तोते के पास आया और बोला, 'तुमने झूठ क्यों बोला?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

ऐसे ही हर सवाल का जवाब जब उसे एक ही शब्द 'यकीनन' में मिला तो वह झुंझलाकर बोला, 'मैं क्या बेवकूफ हूं, जो तुम्हें एक हजार अशर्फियों में खरीदा?'

तोता फिर से बोल पड़ा- यकीनन।

ठग की चालाकी और अपने लालच, बेवकूफी की वजह से वह युवक यकीनन मूर्ख बन चुका था। *

प्रस्तुतिः एफएमएन

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

# अप्रैल फूल

दिवस प्रथम अप्रैल आ गया
जब हंसता-सा भाई,
भालू जी ने नंदन-वन में
यह योजना बनाई!
गीदड़, लोमड़, शेर सभी को
संदेशा भिजवाया,
जंगल में मंगल करने को
समारोह रखवाया!
नियत जगह पर आ पहुंचे थे
बन-ठन प्राणी सारे,
मगर न कोई तैयारी थी
चकित हुए मन मारे!
देख सभी का सिर चकराया
चतुर लोमड़ी बोली,
आज प्रथम अप्रैल सुनो जी
मेरे सब हमजोली!
लौट के बुद्धू घर को आए
कहा-हो गई भूल,
एक साथ ही सभी जानवर
बने अप्रैल फूल!



## बूझो तो जानें



1. मैं पूरब से चलता हूं,
दिनभर आग उगलता हूं।
शाम ढले छिप जाता हूं,
रात में नहीं निकलता हूं।

2. न तन सुंदर न गोरी
छौंक में आऊं काम,
सब्जी-दाल में डाली जाऊं
बूझो मेरा नाम।

3. चार अक्षर का नाम है,
कटे पे आऊं काम।
रंग श्वेत होता मेरा,
अधिक न मेरा दाम।

-वसीम अहमद नगरामी

उत्तर: 1.सूरज, 2. हींग, 3. फिटकरी

## जीके क्विज-198

1. वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2026 में किस देश को पहला स्थान दिया गया है?
2. साहित्य अकादमी पुरस्कार 2025 (हिंदी भाषा के लिए) किन्हें प्रदान किया जाएगा?
3. विश्व स्वास्थ्य दिवस कब मनाया जाता है?
4. हाल में नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री का क्या नाम है?
5. जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर कौन थे?
6. हाल में ही किस युद्धपोत को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया?
7. दिसपुर किस राज्य की राजधानी है?
8. अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे?
9. एक वयस्क मनुष्य में सामान्यत: कितने दांत पाए जाते हैं?
10. क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा देश कौन-सा है?



बच्चो, जीके क्विज-198 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।

**जीके क्विज-197 का उत्तर:** 1.चंडीगढ़, 2.यूएसए, मैक्सिको, कनाडा, 3.असम, 4.मयंक चक्रवती, 5.महात्मा गांधी, 6.एम.एस. स्वामीनाथन, 7. 27 मार्च, 8.ऑक्सीजन, 9.अलेक्जेंडर फ्लेमिंग, 10.महाराष्ट्र

**जीके क्विज-197 का सही उत्तर देने वाले:** अनुभव-राजनांदगांव, रमेश-बैकुंठपुर, कबीर-हिसार, उर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, कविता-रायपुर, कुसुम-दुर्ग, तनिष्क-रोहतक, कोमल-बिलासपुर, रचित-महासमुंद, आकाश-बलौदा बाजार, संकेत-बालोद, अंकित-रायगढ़, सूरज-महेंद्रगढ़, प्रिया-दिल्ली, जतिन-कांकेर, सुमन-दुर्ग



कहानी

हरीश कुमार 'अमित'

रोहित का अपने दादा जी से रिश्ता एकदम दोस्त जैसा था। दोनों एक-दूसरे के साथ खूब हंसी-मजाक करते थे। रोहित ने पहली अप्रैल को अपने दादा जी को अप्रैल फूल बनाने को सोची। लेकिन दादा जी ने ऐसा चकमा दिया कि रोहित खुद ही अप्रैल फूल बन गया।

# अप्रैल फूल बनाया!



इन दिनों रोहित बहुत खुश था। खुश इसलिए क्योंकि उसके दादा जी गांव से उसके पास यहां, रायपुर जो आए हुए थे। पांचवीं कक्षा की उसकी परीक्षाएं खत्म हो चुकी थीं। इन दिनों उसके स्कूल में छुट्टियां थीं। दादा जी और रोहित में उम्र का बहुत बड़ा फासला था लेकिन दोनों के बीच दोस्तों जैसा रिश्ता था। वे दोनों आपस में खूब हंसी-मजाक और चुहल करते रहते।

एक दिन रोहित के दिमाग में आया कि क्यों न दादा जी को पहली अप्रैल को अप्रैल फूल बनाया जाए। ऐसा करने के लिए वह कोई तरकीब सोचने लगा। थोड़ा सोचने पर उसे एक तरकीब सूझ गई।

दादा जी सुबह जल्दी उठ जाते थे, फिर नहा-धोकर तैयार होकर पार्क में सैर करने जाते थे। पार्क में सैर करने के लिए आने वाले अशोक जी से उनकी दोस्ती हो गई थी। वे दोनों हर रोज साथ में ही सैर किया करते थे। रोहित ने योजना बनाई कि पहली अप्रैल की सुबह दादा जी को कह देगा कि अशोक अंकल ने फोन पर बताया है कि आज वे पार्क में नहीं जाएंगे, बल्कि दादा जी से मिलने घर आएंगे। रोहित ने सोचा कि ऐसा कहने पर दादा जी सैर करने नहीं जाएंगे और अशोक अंकल का इंतजार करते हुए घर में ही रहेंगे। इस तरह दादा जी अप्रैल फूल बन जाएंगे।

दादा जी रोहित के कमरे में ही सोते थे। इकतीस मार्च की रात को सोने से पहले रोहित ने दादा जी के मोबाइल फोन पर सुबह पांच बजे का अलार्म लगा दिया ताकि वह पहली अप्रैल की सुबह दादा जी से अशोक अंकल वाली बात कह सके। अगली सुबह अलार्म बजने पर रोहित की नींद खुली तो उसने देखा कि दादा जी अभी सो रहे हैं। वह दादा जी के जागने का इंतजार करने लगा। कुछ देर बाद जैसे ही दादा जी जागे, रोहित ने अशोक जी के आज सुबह घर में आने की बात उन्हें बता दी। सुनकर दादा जी ने पूछा, 'तुम्हें यह कैसे पता है?' रोहित ने बताया, 'दादा जी, कल रात को अशोक अंकल ने लैंडलाइन फोन पर कॉल कर सूचित किया था। आपके मोबाइल फोन पर उनकी बात हो नहीं पा रही थी। यह सब कल रात को आपको बताना मैं भूल गया था।'

'तो ठीक है, मैं आज पार्क नहीं जाता। अशोक जी के आने से पहले नहा-धोकर तैयार हो जाता हूं।' कहकर दादा जी कमरे से निकल कर आंगन में बने बाथरूम में चले गए। रोहित को लगा कि उसकी योजना सफल हो रही है। वह निश्चिंत होकर बिस्तर में लेट गया। कुछ ही देर में उसे नींद आ गई।

थोड़ी देर बाद उसकी नींद खुली तो वह उठकर आंगन में गया। उसने देखा कि दादा जी का तौलिया आंगन में लगी रस्सी पर नहीं है और बाथरूम का दरवाजा बंद है। वह समझ गया कि दादा जी बाथरूम में नहा रहे हैं। रोहित आंगन में एक कुर्सी पर बैठ कर दादा जी के बाथरूम से बाहर आने का इंतजार करने लगा ताकि उन्हें देखते ही 'अप्रैल फूल बनाया!' कह सके, मगर बहुत वक्त बीत जाने पर भी दादा जी बाहर नहीं आए। रोहित को हैरानी हो रही थी कि आज दादा जी इतनी देर तक क्यों नहा रहे हैं? आखिर उससे रहा न गया और वह मम्मी-पापा के कमरे की तरफ चल पड़ा। कमरे में पापा कुर्सी पर बैठे अखबार पढ़ रहे थे। वह पापा से दादा जी के बारे में बात करना ही चाहता था कि तभी दरवाजे की घंटी बजी। पापा उठकर दरवाजा खोलने गए तो वह उनके साथ हो लिया। पापा ने दरवाजा खोला तो सामने दादा जी खड़े थे। 'पिता जी, आ गए आप सैर करके?' पापा ने दादा जी से पूछा। 'हां, बेटा।' कहते हुए दादा जी घर के अंदर आ गए। रोहित को हैरानी हो रही थी कि दादा जी बाहर से कैसे आ रहे हैं। उसके हिसाब से तो दादा जी को बाथरूम में होना चाहिए था। उसने हैरानी से दादा जी की ओर देखा, वह हंसते हुए बोले, 'अप्रैल फूल बनाया..!' 'पर दादा जी, आप तो बाथरूम में थे न!' रोहित में हैरानी से पूछा। 'बेटा, बाथरूम में कोई नहीं था। बस यह जताने के लिए कि मैं बाथरूम के अंदर हूं, नहाने के बाद मैंने अपना तौलिया बाथरूम के अंदर ही रहने दिया था, आंगन में रस्सी पर नहीं फैलाया था और बाथरूम का दरवाजा बंद करके सैर करने चला गया था। जाने से पहले तुम्हारे मम्मी-पापा को सारी बात मैंने बता दी थी। तुम मुझे अप्रैल फूल बनाने के चक्कर में हो, इस बात का अंदाजा मुझे तभी हो गया था, जब कल रात तुमने मेरे फोन में सुबह पांच बजे का अलार्म लगाया था। तुम तो सुबह इतनी जल्दी कभी उठते नहीं हो और सुबह उठने के लिए मुझे अलार्म की जरूरत होती ही नहीं। आज सुबह अलार्म बजने से पहले ही मेरी नींद खुल चुकी थी और मैं सोने का नाटक कर रहा था। एक बात और सुन लो, अशोक जी तो इन दिनों रायपुर में हैं ही नहीं। वे तो किसी काम से भोपाल गए हैं।' दादा जी मुस्कुराते हुए सारी बात बता रहे थे और रोहित सुन रहा था। दादा जी को अप्रैल फूल बनाने के चक्कर में खुद वही अप्रैल फूल बन गया था। *

तुम्हारे लिए किताब / समीर गांगुली

# आओ, नाटक खेलें

बच्चो, पिछले दिनों एक अच्छी किताब पढ़ी। जिसे पढ़कर लगा कि इसके बारे में तुम लोगों को जरूर बताना चाहिए। यह किताब नाटक की है, लेकिन इसमें कोई नाटक नहीं है, बल्कि इस बारे में है कि तुम लोग कैसे नाटक बना कर उसे खेल सकते हो?



उमा आनंद लिखित 'आओ, नाटक खेलें' नाम की यह किताब पहली बार 1971 में प्रकाशित हुई थी। अब तक इसकी चौंतीस आवृत्तियां आ चुकी हैं, जो बताती है कि यह किताब कितनी लोकप्रिय है। इसमें कहानी-कहानी में रोचक तरीके से और एक पेशेवर नाटक निर्देशक के जरिए नाटक के सभी अंगों जैसे-पात्र, परिवेश, रंगमंच व्यवस्था, वस्त्र-सज्जा, सामग्री व्यवस्था, रिहर्सल, दर्शकों तक पहुंचने और नाटक के चयन की जानकारी दी गई है। बच्चो, तुम जब इस किताब को पढ़ोगे तो पता चल जाएगा कि कोई नाटक कैसे तैयार होता है? फिर इस कहानी के पात्र दीपक, डीडो, पारो और टप्पो की तरह तुम भी अपनी कॉलोनी या स्कूल में कोई नाटक खेल सकते हो। नाटक की अपने तरह की इस अनूठी किताब को पढ़कर तुम्हें भी लगेगा 'वाह! यह किताब कितनी अच्छी है। नाटक के बारे में बहुत सरल और रोचक ढंग से जानकारी देती है।' तो तुम भी यह रोचक किताब मंगवाकर पढ़ो। नाटक से संबंधित बारीकियां सीखो, खुद नाटक खेलो और वाहवाही पाओ। *

**किताब**: आओ, नाटक खेलें, **लेखक**: उमा आनंद, **अनुवादक**: बलराज पंडित, **मूल्य**: 55 रुपए, **प्रकाशक**: नेशनल बुक ट्रस्ट, भारत

## रंग भरो-198

**रंग भरो-198** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





ईशानी, बिलासपुर



प्रत्यूषा, राजनांदगांव



प्रणीका, बिलासपुर



आदित्य, खैरागढ़



शिफा, महासमुंद




समृद्धि, शहडोल

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

काशवी-रायपुर, प्रभु-कोरबा, प्रगति-बिलासपुर, शैलेश-राजनांदगांव, हिमांशु-राजनांदगांव, लोकेश-जबलपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवनी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सर्वेश-कोरबा, कुसुम-बलौदा बाजार

## रंग भरो 199



बच्चो, यहां अप्रैल फूल-डे से रिलेटेड प्रैंक-ट्वॉय का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।